वह सपरिवार इसलाम धर्म में दीक्षित हो गये थे। दक्षिण और गुजरात की लड़ाइयों में इनकी बहादुरी और नीति निपुणता देखकर अलाउद्दीन बादशाह ने अपने सेनापति पद पर नियुक्त किया। एक समय वसन्त ऋतु के आरम्भ में अलाउद्दीन ने सहस्रों सैनिक और अमीर उमराओं तथा बेगमों को साथ लेकर शिकार के लिये यात्रा की। निदान उसने एक परम रमणीक बन में तम्बू लगवा दिये और इतस्ततः आखेट करके जङ्गली जतुओं का नाश करने लगा। इसी प्रकार जब वसंत का अन्त होकर ग्रीष्म के आताप से भूमि उत्तापित हो रही थी। अलाउद्दीन सब सरदारों सहित शिकार खेलने चला गया। इधर बेगम भी अपनी सखी सहेली और खोजाओं को लेकर एक कमलवन सम्पन्न निर्मल सरोवर पर जाकर जलक्रीड़ा करने लगी। देवयोग से उसी समय सहसा वायु का वेग बढ़त २ इतना प्रचण्ड हो गया कि बड़े २ मेघस्पर्शी वृक्ष भी टूट २ कर गिरने लगे। धूली के आकाश में आच्छादित हो जाने के कारण घोर अन्धकार छा गया। इस आकस्मिक घटना से भयभीत होकर सभी लोग तीन तेरह हो अपने २ प्राणों की रक्षा के लिये जहां तहां भागने लगे। जलक्रीड़ा करती हुई बेगमों में से रुप विचित्रा नामक बेगम क्योंकि स्वरुप और गुणों में सब बेगमों से

भ्रष्ट थी भटकती हुई एक ऐसे निर्जन प्रान्त में जा पहुंची जहां हिंसक जन्तुओं के भीषण नाद के सिवाय अन्य शब्द ही न सुन पड़ता था। जिस समय रुप विचित्रा भय एवं शीत के कारण थर २ कांपती हुई प्राण रक्षा के लिये ईश्वर का स्मरण कर रही थी दैवात उसी समय माहिमाशाह वहां आ पहुंचे। निदान जब उसने उसको शिविर में लाने के लिये घोड़े पर बैठाली तब महिमा शाह को धन्यवाद देकर कहा कि इस समय मेरा शरीर शीत से अधिक व्याकुल होरहा है तू आलिंगन से मुझे संतुष्ट कर। महिमाशाह ने उत्तर दिया कि एक तो मैं किसी भी पराई स्त्री को अपनी बहिनवत मानता हूं. तिस पर आप मेरे स्वामी की स्त्री है इसलिये आप मेरी माता के समान है मैं इस अकर्तव्य एवं पाप कर्म करने को कदापि सहमत नहीं हूं। तब रुप विचित्रा ने हस कर पुनः उत्तर दिया कि क्या आप यह नहीं जानते कि, अपने मुख से मांगती हुई स्त्री को रति दान न देना भी तो एक ऐसा पाप है कि जिसका कोई प्रायाश्चित ही नहीं है, और हे वीर युवक तेरे रुप और गुणों पर मोहित हुआ मेरा मन तेरे लिये बहुत दिनों से व्याकुल था। भाग्यवस आज यह संयोग प्राप्त हुआ है। आदि बेगम की ऐसी २ बातें सुन कर महिमाशाह का मन भी डोल उठा। दोन्हों

उने घोड़े से उत्तर पड़े । घोड़े का वृक्ष के बान्ध दिया, हथियार खोल कर पास रख लिये और वहीं उस स्त्री की मनोकामना पूर्ण करने लगा । उसी समय एक गर्जता हुआ विकराल सिंह साम्हने आता देख पड़ा उसे देख कर चित्र रुपा थर २ कांपने लगी किंतु महिमाशाह ने कहा कि, भय मत करो, कोई हानि नहीं है । कमान उठा कर महिमाशाह ने एक ही बाण से नौहत्ता सिंह को मार गेरा । निदान उपद्रव के शान्त होने पर सहस्त्रों मनुष्य इधर उधर बेगम की खोज में दौड़े और उसको शिबिर में लिवा लेगये । रुप चित्रा को पाकर अलाउद्दीन अत्यन्त प्रसन्न हुआ । जब ग्रीष्म का अन्त होगया और पावस की घनघोर घटाएँ घिर २ कर आने लगी तब अलाउद्दीन लश्कर सहित दिल्ली आगये ।

अब रणथम्भौर की तरफ आइये । हम्मीर महाकाव्य में लिखा है कि जब हमीर सर्व विद्याओं में प्रवीण हो गया तो जैत्र . ने उसको राज्य भार देकर आत्म कल्याण किया । बाद में ६ गुण और ३ शक्तियों से सम्पन्न हो हम्मीर दिग्विजय करते हुए तीर्थराज आबू पर आए उन्होंने वहां महा मंत्री वस्तुपाल के साथ भगवान श्रीऋषभदेव का पूजन और स्तुति पाठ किया । क्योंकि वे लोग विरोध इत्यादि मन में नहीं रखते ।

१९ महाराव हम्मीर को हम कोटिशः धन्यवाद देते हैं कि जिन्होंके स्वपरमत का मिथ्याग्रह बिलकुल ही नहीं था। आज उन्होंकी ही सन्तान पवित्र जैनधर्म से अनभिज्ञ होने के कारण नफरत कर रही है। २० विरुदधारी १ चिहूं-गढ़ा सरदार के पास १ भाई हमारी १ किताब लेकर गया तो उन्होंने फरमाया कि यदि मेरा शिर धड़ से कटजाय तोभी मैं जैन की किताब को न पढूं। अफसोस है साहब! आपका शिर आपके धड़ पर सदा अमर रहे। जैनधर्म ऐसा नहीं है कि जिस पर किसी को घृणा पैदा होती हो। सायत जैन नामधारक भीषण पंथी मुढ ग्रन्थों को देख कर आपका ऐसा ख्याल हुआ है सो गल्त है। कारण उन्हींमें तो जैनधर्म की गन्ध भी नहीं है। जैनों का सिद्धान्त है अहिंसा, सत्य, अचौर्य, ब्रह्मचर्य, त्याग परोपकार, देश और जाति सेवादि। उखलाणा के सर्दारों को भी मैं जैनी नहीं कहसक्ता कारण अब वह भी अपनी पवित्र क्षत्रिय जाति और जैन धर्म से प्राय पतित होते जा रहे है। इन्हींको अपनी क्षत्रिय जाति देश और धर्म का बिल्कुल ही अभिमान नहीं रहा है। इन्हीं की कुला ख्यात में लिखा है कि—

बागडखंड के बादशाहा। लखमणराज चौहान।
धूजे दिल्ली आगरा कम्पे मुगल पठान॥ १॥

लखमणराज चौहान से तमाम अनार्य थर थर कांपते थे, परन्तु आज उन्हीं की ही सन्तानों की यह दशा है कि अपनी जान का भी रक्षण नहीं कर सकते। म्लेच्छों से तो ये लोग इतने डरते हैं कि चाहे वह हिन्दुओं को मारदें, मंदिर मूर्त्तियां तोड़दें, स्त्रियों का सतीत्व धर्म नष्ट करदें, परन्तु घर से बहार नहीं निकलते। दया और दान भी उठता जारहा है। इन्हीं की थोड़ी ही पीढ़ियों में पहली १ राव चीजलजी हुए हैं। दररोज दश २ मोहरों का दान करते थे। प्रति दिन बारहे मण गेहू का अन्न दान होता था। गरीबों का वस्त्र और गौओं को घास जल आदि हजारों प्रकार के पुन्य करते थे परन्तु आज तो इससे विपरीत देखा जाता है। कोई २ तो एमें भी सुने जाते हैं कि अपने खेत खालिया नादि में औरों के पशुओं के सींग और पैर आदि तोड़ देते हैं। अपने पशुओं को मुसलमानों को बेच देते हैं। तागों में बैठ के बलदों को दौड़ा कर मार देते हैं बेल नाथी करते कराते हैं। क्या ये कृत्य जैनियों का कर्म हो शक्ता है। जैन में तो दया और मैत्री भाव की मुख्यता है। चीजलरावजी के साथ ५ सतिएं हुई हैं क्या आज भी किसी स्त्री का पति के साथ इतना प्रेम है। मुझे सक है कि माहसुदियों के समान इन्हों में भी तिलाक की रिस्म कहीं जारी न हो जाय॥

विवाहादि में नांच कूद करना और बुरा गीत गाना क्या कम शर्म की बात है। चौहानों का धर्म और कुल मर्यादा का तो इन्हीं में प्राय लोप ही होना जारहा है और वर्ण शंकरता, मंदबुद्धिता, कायरता आदि बढ़ कर अधःपात हो रहा है। श्रीमद् भागवत् गीता प्रथम अध्याय में ठीक लिखा है कि।

कुलक्षये प्रणश्यन्ति कुल धर्माः सनातनाः ॥
धर्मेनष्टे कुलंकृत्स्न मधर्मोऽभिभवत्युत ॥ ३९ ॥
अधर्माभिभवात्कृष्ण प्रदुष्यंतिकुलःस्त्रियः ॥
स्त्रीपुदुष्टासु वार्ष्णेय जायते वर्ण शंकारः ॥ ४० ॥
संकारो नर का यैव कुलघ्नानां कुलस्यच ॥
पतंति पितरो ह्येषां। लुप्त पिंडोदक क्रियाः ॥४१॥
दोषैरेतैः कुलघ्नानां। वर्ण शंकर कार कैः ॥
उत्साद्यंते जाति धर्माः। कुल धर्माश्च शाश्वताः ॥४२
उत्सन्न कुल धर्माणां मनुष्याणां जनार्दन ॥ नर के नियतं वासो। भवतीत्यनु शुश्रुम ॥ ४३ ॥ भावार्थ इन्हों का यह है कि सर्वोत्तम प्राचीन कुल के क्षय होने पर कुल परंपरा गत शुद्ध धर्म का भी नाश हो जाता है और धर्म के नष्ट होने पर संपूर्ण कुल में अधर्म फैल जाता है। अधर्म के फैलने पर कुल स्त्रियां दुष्ट हो जाती है और स्त्रियों के दुष्ट होने पर कुल में वर्ण संकर संतान पैदा होती है और

वर्ण संकर पुत्र उत्पन्न होने पर पिंड दान श्राद्ध जलतर्पण आदि क्रिया लोप हो जाती है। शुद्ध सनातन क्रियाओं के लोप होने पर पितरों का भी नरक पात होता है। इस वास्ते वर्ण संकर प्रजा, जाति, कुल और धर्म को नष्ट कर खुद भी नरक में ही पड़ती है ॥ अपने पूर्वजों की शुद्ध परंपराओं का पालन करना इसके समान तो कोई दूसरा धर्म नहीं है और उन्हीं का ही नाम लोप कर पतित हो जाना इसके सिवाय दूसरा महान् पाप नहीं है ॥

६२ आज से १०० वर्ष पहले के ही महान् पुरुषों को देखिये रगराज बारहट की पोथी में लिखा है कि:—गायडमल जग गाजियो। गढपति किसन राज भगतारा काला दूरा हरे। काढे अमृत वैन। कचेडिया जवाब कर डाकरे। चौहान वंश में जागियो जोरावर में मागियो सो ही लियो। साहसरा वचन कहे किसनेश भगवत राज भला ही दीयो ॥ १ ॥

६३ पचास वरस पहेली वालों का भी देखिये। लिखा है कि

साल दुसाला पोवडी रणमल राज पावें।
उजीर दौला के राज में भूखों को अन्न खुवावें ॥
के वन्धीजनों के बन्ध छुडावे ॥ १ ॥

मोहनमूर्त्ति राव मोहनराज को तो मैंने भी अपने नेत्रों से देखा है। वह बड़े ही दयालु थे बहुत ही द्रव्य धर्म कार्य्य में खर्च कर अपने गाव में साधु संतों का चौमासा कराते थे।

दूसरे गांवों में भी जाकर अपनी तर्फ से प्रभावना बांटते थे। गरीब लोगों की बहुत ही सहायता करते थे; वर्तमान नवाब शाहब (अबराहीम) भी उन्हों को आते हुए देख अपनी बग्गी रोक लेते थे और दो घडी तक बाते करते रहते थे परन्तु आज उन्हीं के संतानों की यह दशा हो रही है कि जिन्हों को कोई भी नहीं पूछता। सब हकीगत लिखने को कलम नहीं चलती। सत्विक चात्र धर्म को छोड़ कर इन्होंने निर्विवेकता से अपने पूवजों की मान मर्यादा को सर्वथा नष्ट कर दी है:—

६४ गांवबाई मलवें के रुपये जो तहसील से आते हैं मैंने सुना है कि पहिली के पंचलोक उन्हों को देवस्थानों की मरमत में लगाते थे। आये गये साधु संत ब्राह्मण और गरीबों के रोटी खर्च में लगाते थे। सदाव्रत बांटते थे कालदुकाल में गौओं को घास डालते थे। पानी की प्याऊ लगवाते थे। तालाब खुदवाते थे। पक्षियों को दाना डालते थे मंदिरों में पंजीरी बनवाते थे। दीक्षा महोत्सव करते थे आज ये सब पुन्य धर्म कौन करता है। कोई नहीं। पंचों के सिवाय कितने क ही पुन्यहीन ऐसे भी देखे गये जो गाम के अन्दर भगवान् का मन्दिर और धर्मशाला नहीं बनाने देने की पूरी कोशिश में हैं। यह गांव का दुर्भाग्य समझना चाहिये। यथा शक्ति मदत देना तो दूर रहा परन्तु इन्हों को अपने गांव में धर्म स्थान भी नहीं सोहाता, कितनी बड़ी शर्म की बात है:—

६५ जैनेतर सरदारों को मालुम हो कि केवल मुह बांध कर बैठ जाना इसी ही का नाम जैन धर्म नहीं है ॥ देश धर्म, श्रौर जाति हित के वास्ते करोड़ों जैनियों ने अपने प्राण तक दिये हैं यदि ऐसा न होता तो क्षत्रियाभिमानी बहादुर महाराज हम्मीर जैन धर्म का इतना बड़ा आदर कभी नहीं करते। हम्मीर महा काव्य में लिखा है कि जब महाराज हम्मीर दिग्विजय कर रणथंभगढ़ आये तो बाद में उन्होंने अपनी राजधानी में चन्द्रप्रभ भगवान का बड़ाजंगी मंदिर बनवाया।

९६ रणथंभोर गढ़ की यात्रा जब मैंने की और किल्ले के उपर सर्वत्र फिर के देखा तो बड़े २ जैन मंदिरों के खंडहर नजर आये। जो प्रायें सभी मुसलमानों के तोड़े हुए थे फक्त एक ही मंदिर में भगवान की मूर्तियां विराजमान हैं जिन्हों का फक्त प्रक्षालन सवाई माधापुर के दिगम्बर तेरह पन्थी भाइयों की तर्फ से होता है,। कमरपट्टावाली एक मूर्ति दीवार में खड़ी है सब ही मूर्तियां नग्नाकार नहीं है और मूलनायक भगवान् के चरणों में अगुट्टियों का चिन्ह होने से भी निश्चय होता है कि यह मंदिर श्वेताम्बरों का ही है दिगम्बरों का नहीं है। तीर्थ यात्रा करने वाले समस्त श्वेताम्बर श्री संघ को मैं नम्र प्रार्थना करता हूं कि श्रीरणथंभोरगढ़ की भी यात्रा जरूर करें !!

यहां से निजदीक पर हिन्दून् जिला में महावीरजी नाम से प्रसिद्ध बड़ा भारी प्राचीन श्वेताम्बर जैन तीर्थ है। कहते हैं

कि प्राचीन निवासी किसी राजा ने चंद्रवंशीया अपनी पटरानी के नाम से एक (चान्दनपुरी) प्रसिद्ध नगरी बसाइ थी उस नगरी के ८४ चोहटों में से एक चान्दन चौक नाम का प्रसिद्ध चौहटा था जिसके बीच में भगवान् श्री महावीर स्वामी का मंदिर बनवाया गया था। आपसकी फूट से जब प्राचीन आर्य राजपूत कमजोर होगये तो उन्हों पर अनार्यों ने हमला कर दिया और सकुटुम्ब राजा को मार नगरी को लूट ली। उस वक्त भगवान् की मूर्त्ति को भी भूमि गृह में रख कर लोक भाग गये। बहुत वर्षों तक नगरी विरान पड़ी रही। सब खंडरों को नदी बहा ले गई फक्त पश्चिम किनारे पर कुछ बस्ती रही जिसमें गूजर चमार खटीक विगैराह लोक रहते थे। एक दिन चमार चमडा रंगने के वास्ते नदी किनारे पर भाड़ों की जड़ें खोदता था उस वक्त भगवान् की मूर्ति निकल गई, तब वह दौड़ता हुआ दीवान् जोधराज नामक एक पल्लीवाल जैन श्वेताम्बर गृहस्थ के पास गया और सब हकीगत कही, सुन कर सेठ उसी दम वहां आया, और भगवान् का दर्शन कर बहुत ही हर्षाया। नदी में स्नान कर सेठ ने भगवान् का प्रक्षालन किया और केसर चंदन आदि पवित्र द्रव्यों से नवअंग पूजन कर स्तुती की, मिस्त्तरियों को बुला कर उसने उसी स्थ न पर भक्ति घस मंदिर बनाने का दृढ़ संकल्प किया, परन्तु पास में पुष्कल लक्ष्मी न होने के कारण सेठ को बड़ी चिंता

हुई तब स्वप्न में आकर शासन देवता ने सेठ से कहा कि अय, सेठ तू इतनी चिंता क्यों करता है जिस स्थान पर भगवान् प्रगट हुए हैं वहा से वायव्य कौण में पाच सो कदम पर प्राचीन वंशी (टाटू) राजाओं का असंख्य धन जमीन के अन्दर डटा हुआ पड़ा है। तुम आमेर के राजा के पास जाओ, और इस जमीन को लेकर यहा पर भगवान् का तीन शिखर वाला जगी मंदिर बनवाओ, किसी भी जाति के मनुष्य मात्र को भगवान् का पूजन करते मत रोकना। जब तक तुम्हारी आद् ओलाद श्वेताम्बर जैन मूर्त्ति पूजन धर्म और श्वेताम्बर साधुओं को अपना गुरु मानती रहेगी तब तक लक्ष्मी तुम्हारा घर की दासी बनी रहेगी ऐसा कह कर शासन देवी आमेर के राजा को स्वप्न देगई और भगवान् की भक्ति करने को सब हकीगत दर्शाई आमेर के राजा ने भी आकर भगवान् का दर्शन पूजन किया और सेठ के मागने मुजब सब भूमि का पट्टा कर दिया तथा अपनी तर्फ से भी एक गांव की आमदनि हमेशा के लिये भगवान् के भंडार में चढ़ा दी। अपार धन खरच कर शेठ ने भगवान् श्री महावीर स्वामी का बड़ा आलीशान मंदिर बनाया और मंदिर के चौफेर चौतरफी धर्मशालायें ऐसी बनवाई कि जिन्हों में हजारों यात्री लोग आराम से रह सकें। भगवान् प्रगट हुए वहा पर छत्री बना कर चरण पधराए गये और मंदिरजी में पधारने के वास्ते भगवान् को रथ में विराजमान

किया परन्तु लाख जोर करने पर भी देवयोग से रथ नहीं चमका जब उस चामर ने आकर भगवान् का एक भजन गाया और रथ को छुआ तो उसी दम रथ चल पड़ा यह देख लोगों ने चमार की भक्ति की प्रशंसा की और भगवान् को मंदिर में ला पधाराये। ए प्रतिष्ठा सेठ ने अपने गुरु विजय गच्छ के भट्टारक (श्रीपूज्य) के हाथ मे कराई थी। आठ दिनों तक सेठ ने अपनी तरफ से साधर्मिक वात्सल्य किया. इस प्रतिष्ठा महोत्सव पर देशान्तरों से हजारों श्वेताम्बर जैन आए थे। श्रीसंघ की तरफ से भगवान के भंडार में लगभग पांच लाख रुपयों की आमदनी हुई। उसी प्राचीन जमाने का बना हुआ एक स्तवन (लावणी) भी हमारे पास मोजूद हैं यथाः—

महावीरजी स्वामीजी आप विराजो चांदन चौक में ॥टेर॥
दूर देश से शिखर दीसें मंदिर की छबी न्यारी। हाथी घोड़ा रथ पालखी आदि बहु असवारीजी ॥ महा० ॥ १ ॥ दूर देशों से जात्री आवे पूजा आण रचावें। अष्ट द्रव्य पूजा में लावें मन वांछित फल पावेंजी ॥ महा० ॥ २ ॥ महावीरजी प्रगट हुआ छै निकट नदी के तीरां। ध्यावें मो पावें सुख संपद लंबी आवे शीरांजी ॥ महा० ॥ ३ ॥ ठाहों सेवक अरज करे छे सुणज्यो महावीर स्वामी। कृपा कर मुझ मुक्ति दीजो अविचल सुख अभिमानीजी ॥ महा० ॥ ४ ॥

यह लावणी जैपुर विगेराह के श्वेताम्बरों में अभी तक प्रसिद्ध है। भूमि से निकली हुई खास मूर्ति नग्नाकार नहीं होने के कारण दिगम्बरों का कोई भी हक नहीं था परन्तु तीर्थ की महिमा देख हजारों दिगम्बर भाई भी यात्रार्थ आने लगे। यहा की आब हवा बहुत ही अच्छी होने के कारण जैपुर के दिगम्बर भट्टारक ने तो एक धर्मशाला को अपना घर ही बना लिया और हमेशा यहा रहने लग गये। होते २ भगवान का पूजन भी दिगम्बरों की ही रीति से होने लग गया। और श्वताम्बर साधुओं के इस तर्फ नहीं विचरने के कारण श्वेताम्बर जैन साधुओं के नाम से थोकनाज मुह बन्धों ने तमाम पल्ली वालों की श्रद्धा फेरदी। सङ्घव व सात् मेठ जोधराजजी के वशधरों का भी धर्म इस त्रिपुटी को प्राप्त हो गया कि भगवान का पूजन तो करना दिगम्बर रीति से १ गुरु मानना मुह बन्धों को २ और भट्टारक मानना विजय गच्छ के श्री पूज्यजी को ३। किसी कवि ने ठीक कहा है कि:—

धर्म घटते धन घट धन घट मन घट जाय।
मन घटतें महिमा घटे घटत घटत घट जाय॥

महावीर स्वामी की शुद्ध परम्परागत श्वताम्बर जैन समाचारी को छोडते ही समस्त पल्लीवाल भाईयों की गिरती दशा आई, यहा तक कि भगवान का भण्डार भी पल्लि वालों के हाथ में न रह कर भट्टारकजी के हाथ में आ गया और उन्होंने

लाखों रुपये निज के खरच में बर्बाद कर दिये। जब यह पाप का घड़ा परिपूर्ण भर गया तो उन्हीं के एक चेले ने (जो अभी तक जेपुर में जन्म कैद है) धन के लोभ में आकर भट्टारक को बुरी तरह से कत्ल किया था। सिकन्द्राबाद निवासी सेठ जुहार-लाल जैनी के मुख से ऐसा भी सुना गया है कि पल्ली वालों की पड़ती दशा देख विजय गच्छ के यतियों ने बुद्धिबल से भगवान का भण्डार अपने हस्तगत कर लिया था और दिग-म्बर यात्रियों की जादह भीड़ भाड़ देख कर कितने ही काल के बाद भण्डार की छड़ी पालखी द्वारा एक विद्वान यति ने अपने को दिगंबर भट्टारक नाम से प्रसिद्ध किया। ठीक,

निरस्त पादपदेशे एरण्डोपि द्रुमायते ॥

अन्धों में काणा भी राजा बन जाता है दिगंबर संप्रदाय में इस वक्त साधुओं के न होने के कारण कई मिथ्या आडं-बरी भी अपना नाम भट्टारक, त्यागीजी, ऐलक, क्षुलक, ब्रह्म-चारी और पंडित रख कर हमारे दिगंबर भाइयों को ठग लेते हैं। मैं समस्त दिगंबर जैनों को योग्य सलाह देता हूं कि वह किसी भी ढोङ्गी को न मान कर फक्त श्री खरतर गच्छीय जैन साधुओं को ही अपना गुरु समझें। समस्त जैन संप्रदाय प्राय खरतराचार्य प्रति प्रतिबिम्ब है इसके हमारे पास कई प्रमाण मौजूद है। खतरगच्छ के साधु प्राय उभय संप्रदायों उपरि समदर्शी होते हैं और एक उन्हीं ही की समाचारी जैन के सम-

स्त शास्त्रों से मिलती है। खरतरगच्छ के सर्व यति और त्यागी महात्माओं को मैं सविनय निवेदन करता हूं कि वह तीर्थ करते हुए महावीरजी की यात्रा भी जरुर करें। चैत्र मास में यहा बडा भारी एक मेला भरता है। जिसमें लाखों मनुष्यों की भीड भाड होती है। यात्रियों में प्राय मीनसम्प्रदाय के लोक अधिक देखें जाते है। महावीर भगवान पर इन लोकों की श्रद्धा तो अटल हैं परन्तु इन्हों में विद्या का प्रचार कम होने के कारण निर्विवेकता का पूर्ण साम्राज्य है। महावीर भगवान के पवित्र मंदिर में असभ्य गीत गाते हुए ये लोक जूतों सहित आ जाते हैं और परमात्मा की भक्ति के बदले महान पाप बाध लेते हैं। तब ही तो ग्रथकारोने इस जाति को असभ्य और नीच लिख दी है अन्यथा यह जाति सब क्षत्रिय जातियों में शिरमौर थी। टाडराजस्थान में लिखा है कि वर्तमान समय में पतित यह मीनगण आदि में इस देश के अधीश्वर थे। सर्व राजपूतगण इन्हों को कर देते थे बड़े बड़े राजेमहाराजें इन्हों के अधीन होकर रहते थे। शत्रुओं से पराजय पा कर अनेक चौहान कछा वह आदि जाती के राजेमीनों के ही आश्रय (शरन में) रहा करते थ उन्होंने ही विश्वास घातकता कर इन्हो का राज्य खोसा है। मीनों की सम्प्रदाय में सब से पिछले राजे का नाम राव नाधो था राजस्थान के इतिहास में लिखा है कि भिन्न २ मीनाओं की सम्प्रदाय के अधीन में खोह

गांव, मांच, आमेर, कोटा, वाड़ा, गरांट, नंदाल, गतोर आदि प्रधान २ नगर भी थे। परंतु बाबर और हुमायु के समय में और कच्छ व राज भारमल्ल के शासन समय में भी मीना जाति अत्यन्त ही बलवान थी और इसके बल विक्रम को देख कर राजपूत लोक सदा शंकित रहते थे। उन स्वाधीन मीनों की सम्प्रदाय में एक अत्यंत प्राचीन नगरी नाहन थी भारमल्ल ने मुगलों की सहायता से उस नगर को विध्वंस करादिया। एक प्राचीन ऐतिहासिक कविता में नाहन की मीना जाति की सामर्थ्य इस प्रकार से वर्णन की गई है किः—

बावन कोट छप्पन दरवाजा।
मीना मरद नाहन का राजा॥
बूडो राज नाहन को जब।
भूस में बांटो मांगो॥ १॥

इस कविता का अर्थ इस प्रकार है कि नाहन के राजा बाघाराव के ५२ तो किले थे और उसकी नाहन नगरी के आठों दिशी में सात २ करके ५६ तोरण द्वार थे। अकब्बर बादशाह की अपार सेना लेकर राजा भारमल्ल ने उस नगरी को नष्ट कर दिया जिस समय बाघाराव का शासन नाहन से लुप्त होगया उस समय उसने सामान्य भूस्से (भूरी) के अंश को भी कर रूप से ग्रहण किया था। अथवा यों कहिये कि चार में से भी बांटा मांगने पर उसकी प्रजा बदल गई और दुश्मनों

का दाग लग गया ॥ लिखा है कि अन्य क्षत्रियों के समान चाधाराव को भी अकबर ने अपने पाये लगाना चाहा परन्तु उस बहादुर राजपूत ने एक बार भी अनार्यों के सामने अपना शिर न झुकाया और न उन्होंको अपनी कन्या देकर कुल को कलंकित किया। चारणों के पास उस जमानेकी कविताएं हैंकिः—

अडे राव उमराव अकबर कने
आगरे, पट्टो लखतां पाण पावें।
परवतां जावता पांव पाछा पड़े॥
दडहडां डूगरां जावना राव बाधो डराव ॥
बूझ राजा भारमल्ल सू भोमदे चापटो।
दिनमान दौडे मीनो न मानैं।
मुगलकी भडतैंड चौके का चार दांत तौडें ॥ १ ॥
बाधो राजा नाहन को बांवन किल्ला आण।
दिल्लीपतिधडका करे, सुभो भैरन दाण ॥ २ ॥
बावनगढ लागे नाहन को छपन्न तोरण द्वार।
बाघो राजा नाहन को भडमारण सरदार ॥ ३ ॥
बाधो तपियो नहडे अकबर साह दिल्ली।
यह लाटे बावन परगणो वह्‌ थानकरेमल्ली ॥ ४॥
पसेरी की होड कब करेगो कांकरो।
ऊंचा पग छे पावका।

पहलीतो ढोल बाजियो हडपाडौ भवालका ॥ ५ ॥
अरु पीछे बलवंत बाघाराबका ।
बाजे हूंढारमें ढोल बलवन्त बाघारावका ॥ ६ ॥
एक हद मांडुलगी दूजो मांमर है सही ।
दाब बैठो नही दांग भर ।
इतर उमाओं की चौथ टर
अबके तो अकबर की दुहाई ।
कै राव बाघा की आंण फिरे ॥ ७ ॥
बावन गढ को अधिपति बलवंत बाघोराव ।
कपटें राजा भारमल्ल घणा देखतो दाव ॥ ८ ॥
बेटी राजा भारमल दही अकबर हाथ ।
सेन लेही सम्राट की
कियो नाहन नगर को घात ॥ ६ ॥

टाड राजस्थान भा० २ में लिखा है कि मीनागण आज तक आमेरके अधीश्वर के यहां अत्यन्त ही विश्वासी पद पर नियुक्त हैं । जयगढ के धनागार और राजकीय कागज पत्रोंके देखने में भी यही नियुक्त हैं । राजधानी में यह आमेर राज्यके शरीर रक्षा अर्थात् प्रातिहारिता में नियुक्त है । राजा के अन्तःपुरकी रक्षा का भार भी इन्हीं के हाथ में सौंपा गया है । मीनागण आमेर राज्य में सब राजनैतिक स्वत्वाधिकार और अनुग्रह भोग करते हैं । कालो खोह के मीना जयपुर के प्रत्येक नरपतियों के

अभिषेक के समय में उनके मस्तक पर अपने रुधिर से तिलक करते थे। वृद्ध मीना अपना पैरका अंगुठा से तिलक करता था। आमेरपतिकी जीवन रक्षा का भार भी उन्हीं के हाथ में था। आमेर के सभी राजे मीनाओं को मामाजी कहकर बोलते थे। राव पज्जोजी तो सर्वराज्याधिकार मीनाको ही देकर प्रथ्वीराज के पास रहते थे। बाघागत तक तो यह मीनागण राजकीय समस्त चिन्हों को व्यवहार करते थे, परन्तु जब यह लोक क्षत्रिय धर्म से ज्यों २ पतित होते गये त्यों २ इन्हीं के पास-राज्य चिन्ह असंगत विचार कर लेलिये गये। जब नगारा निसान खोसा गया तब लाखों मीनोंने अपने प्राण दिये परंतु नतीजा कुछ भी न निकला। अब रहे हुए सब ही जिमीदार बन गये हैं। इन्हीं की जाति पतित क्षत्रियों में मानी गई है। कहते हैं कि ये लोग अपनी मूर्खता से अपनी जातिकी औरतों को नचा कर देवरियां और रसिया गवाकर साथ में आप भी असभ्य गीत गाते हुए नाच कूद कर के उत्तम क्षत्रियजाति से पतित होगये हैं। अब इन्हों में ऐसे मनुष्य न रहे जो कि अपनी जाति की पड़ती दशा को सुधार सके। फक्त इन्हीं की असभ्यता ही के कारण से मथुरा के रणछोड़जी के मंदिर से इन्हों का बहिस्कार हुआ है। अब जैनी भाइयों को भी चाहिये कि जब तक ये लोग क्षत्रियोचित सर्व गुण अपनी जाति में पुनः दाखिल न करलें तब तक भगवान महावीरस्वामि के मंदिर से

भी इन्हीं का बहिस्कार ही रक्खें। यों तो पवित्र जैन धर्म का द्वार सबही के लिये खुला है परन्तु इस से लाभ वही उठा सकता है कि जिसकी अन्तर आत्मा शुद्ध हो। अस्तु महाराज हमीर के जीवन चरित्र से भली भांति जाना जाता है कि उन्हों की अन्तर आत्मा बहुत ही शुद्ध थी। रणथंभोरगढ में उन्होंने ८४ गच्छों के उपाश्रय बनवाये थे। खरतर गच्छीय भट्टारक श्री जिनचन्द्र सूरीजीको वह अपने गुरु समझते थे। ब्राह्मणों के आक्षेप करनपर आचार्य महाराजने अपने उपाश्रय में अक्षय जलवाली पातालगंगा योगबल से प्रगट कर रायजी को बताइ सो आज भी वहां मौजूद है। बत्तीस स्तंभोंकी छत्री बनाकर रावजी ने गुरुमहाराज की चरण पादुकायें पधराइ सो भी मौजूद हैं।

९७–अब एक दिन दिल्ली के राजमहल में आधीरात के समय अलाउदीन रूपविचित्राके पास बैठा हुआथा उसी समय एक जंगी चुहा आ निकला तो बादशाह को कामज्वर जीर्ण होगया किन्तु उसने किसी प्रकार सम्हलकर एक ही बाण से, चूहेको मार गेरा और अपनी बहादुरी की तारीफ करते हुए उसने रूपविचित्रा से कहा कि मैं जानता हुं कि स्त्रियां स्वभाव सेही कायर होती है। इसालिये मैंने यह पुरुपार्थ प्रगट कियाहै। यह सुनकर रूपविचित्रा ने मुस्कराकर कहा कि पुरुपार्थी मनुष्य वे होते हैं के जो इसी अवस्था में सिंहको सहज ही में मार कर

शखो की बातें भी नहीं करते। बेगम की ऐसी बातें सुनकर अलाउद्दीन आश्चर्य और क्रोध के समुद्र में गोते खाने लगा, परंतु उसने अपने को सम्हाल कर कहा कि जो तू ऐसा पुरुष मुझे बतलादे तो मैं उस से बहुतही प्रसन्नता पूर्वक मिलूं और उसने मेरा कैसा ही अपराध क्यों न किया हो मैं सर्वथा उसे क्षमा करूगा। इतनी बात सुनकर भवितव्यता वश बेगम ने अपने और महिमाशाह प्रति भूत वृत्तान्त को कह सुनाया और कहा कि सुनिये।

पन टेक करै निजये।
घर बैठत पांजलमौरजिये॥
नहीं भोजन सोही गरम्म करै।
ठकुरु नही बैठत भूमि मरै॥ २५८॥
शरणागत आवत नाहिं तजै।
पर था मलखौ मनमांहीं लजै॥
जहा जाचत प्राणन राख तहां।
नहीं झूठ अकारन भाख्व तहां॥ २५६॥
रणमें नहीं पीठ दइ कबहू।
लखि आरतिवन्तन सों अयहू॥
तहा मटत आरति वारितिहीं।
बिन आसन बैठत हे कबही॥ २६०॥
मुखसें उच्चरै न टरै कबहीं।

सबतें मधुरे मुख बैन सही ॥
दृग लाज भरे रिझवार घने ।
रहनी करनी कविराज भनें ॥ २६१ ॥
महिमा महिमा नहीं जात कही ।
जस चाहत गाहक गाह कही ॥
बरवीर महारणधीर अरैं ।
खग खेत गहे अरि खंड करै ॥ १६२ ॥

यह सुनते ही बादशाहका क्रोध घी सींची हुई अग्निके समान धधक उठा और उसी समय महिमाशाह को बुलाए जाने की आज्ञा दीगई। यह देख मरहटी भी बेगम अपनी मूर्खता पर पछताने लगी। अन्त में उसने साहस पूर्वक बादशाह से कहा कि यदि आप उस वीर पुरुषको कुछ दन्ड देना चाहते हैंतो प्रथम मुझे ही मरवा डालिये, क्योंकि इसमें मेराही दोष है नाकि उन का। जहापनाह क्या यह अन्याय न होगाकि एक निरापराधी पुरुष दंडपावें और अपराधीको आप गले से लगावें! निदान अपने कुटुम्ब को लेकर महिमाशाह अपनी रियासत से भी निकल भागा और बडे २ राजा महाराजों के पास वह इस उद्देश से गया कि अलाउद्दीन से लड़ने के वास्ते कुछ मदत दे, परन्तु किसी से कुछ भी नहीं बन पड़ा। फिरताहुआ जब राव हम्मीरकी ड्योढी पर पहुंचा और उसने अपने आने की इत्तला कराई तो रावजी ने उसे बडे ही सम्मान पूर्वक डेरा दिलवाया और दूसरे

दिन दर्बार में बुलाया। दर्बार में पहुंच कर महिमाशाह ने अपनी ओर से पाच घोड़े एक हाथी दो मुल्तानी कमान एक अमूल्य तलवार दो बाण बहुत से बहुमूल्य मोती, और ऊनी तथा रेशमी वस्त्र रावजी के नजर किए। रावजी ने सादर स्वीकार कर लिया उसी समय महिमाशाह ने अपनी वार्त्ता भी रावजी से निवेदन करके सविनय कहा कि मैं अलाऊद्दीन का विरोधी हू, यदि आप में मेरी रक्षा करने की शक्ति होतो शरण दीजिये अथवा मुझे अपने भाग्य के भरोसे छोड दीजिये। ये सुनकर हम्मीर-ने कहा कि मैं तुझे अभयदान देकर प्रण करता हूकि इस मेरे तन पिंजर में प्राणपखेरु के रहते एक क्या सहस्त्रों बादशाहभी तेरा बाल नाका नहीं करसके।

तन धन गढ घर ए सब जावें।
पैं महिमा पति साह न पावें ॥ २६६ ॥

इस प्रकार कह कर राव हम्मीर ने उसी समय बहुत से घोड़े सुवर्ण के साज सहित दिये और अपने कंठ से उतार कर एक मोतियों की माला एक हीरों का कंठा और एक शिरपेच दिया जितने मनुष्य महिमाशाह के साथ में थे उन सबों को साल दुसाला आदि सिरपाव दिया गया और पाच लाख रुपयों की जा-गीरी का पट्टा भी महिमाशाह को रावजी ने लिख कर उसी समय देदिया। इसी प्रकार जब महिमाशाह रणथम्भोर के अभेद्यदुर्ग

में आनन्द से रहने लगे तो उसी समय गुप्तचरों ने दिल्ली में बादशाह को सब समाचार जा सुनाये। सुनकर अलाउद्दीन पूंछ कुचले हुए काले सर्प की तरह क्रोधित हो उठा और उसी दम रणथम्भोर को एक दूत भेजा गया, दूत ने आकर राज्य सभा में हम्मीर को प्रणाम किया और:—

कहै तब दूत सुनो नृप बात।
बड़ो तुम वंश प्रतापि सुहात॥
तजो रतनागर को सर हेत।
रत्न अमूल्य तजो रज हेत॥ ३०६॥
कहो गुन कौन रखै इहि सेख।
जरत जु बाल गहो सुवि सेख॥
अजान असी जु करै नहिं राव।
सुनो तुम नीति जु राज स्वभाव॥ ३१०॥
तजो अब एक कुटुम्ब बचाय।
तजो गृह एक सुग्राम सहाय॥
तजो पुर एक सुदेश बचाय।
तजो सब आतम हेत सुभाय॥ ३११॥
महा यह नीच अधर्म्मिय सेख।
दर्यो नहिं स्वामि लिया गुन देख॥
बडे पति शाह दिल्ली पति वैर।
लख्यो नहिं आनन प्रात सुफेर॥ ३१२॥

लिखि भेजहु अब ताहि ॥ ३१६ ॥

लिखि हजरति फरमान, उलटी एलची पठाये।
हठ मति करो हमीर, चोर मति रखौ पराये॥
हम दिल्ली के ईश, राव तुमहुं जु कहावो।
यह अलसि जिय माहिं वैर में कहा जु पावो॥
माल मुलक चाहो जितो।
कहै शाह वह लीजिये॥
फर्मान बांचि जिय राव तुम।
चोर हमारो दीजिये॥ ३२०॥

इस पत्र का उत्तर रावजी ने इस प्रकार से लिखा कि मैं यह भली भांति जानता हूं कि आप दिल्ली के बादशाह हैं, "परन्तु मैं जो पण कर चुका हूं उसे अपने जीवन पर्यन्त छोड़ने का नहीं। इसलिये उचित यही है कि आप अब मुझ से महिमाशाह के विषय में बात भी न करैं। अस्तु और जो कुछ आपसे बन पड़े उसके करने में विलम्ब भी न कीजिये" इस पत्र को पाकर बादशाह का क्रोध और भी बढ़ उठा परंतु राज्य मन्त्रियों के समझाने बुझाने पर उसने एक बार फिर भी राव हम्मीर के पास दूत भेज कर उसके मन की थाह ली। परन्तु उस वीर पुरुष ने बड़े धैर्य्य और साहस के साथ फिर भी वही उत्तर दिया कि:—

दूजा हजरत का लिखा ।
वाचि राव फरमान ॥
बार बार क्यों लिखत है ।
तजू न हट की बात ॥ ३२५ ॥
पश्चिम सूरज उग्गवे ।
उलटी गंग बह नीर ॥
कहो दूत पतिशाह सों ।
हठ न तजै हम्मीर ॥ ३२६ ॥

दूत ने पीछा आकर बादशाह की सभा में कहा कि:—

चले दुत मुरझाय दिल्ली दिशी कियो पयानो ।
गढ़ रणथम्भ हम्मीर शाह कैसे कम जानों ॥
हयदल पयदल सेन सूरवर वीर सवायो ।
हठी राव चहुवान वश यहि हट चलि आयो ॥
यह विधि सु तुमहूं चर लखै ।
हरे सकल तुम चार वर ॥
अब पतिशाह जु एक सुब ।
कै तुम कै जु हमीर वर ॥ ३२८ ॥

यह सुन बादशाह की बुद्धि भी चक्कर में पड़ गई। उसने विचार किया कि जब राव हम्मीर में इतना साहस है तब उसका कुछ कारण भी होगा, यदि न भी हो तोभी प्राण की परवाह न करने वाले के सामने विरलेही माई के लाल

खड़े होते हैं। सिंह हाथी से बहुत ही छोटा होता है किन्तु वह अपने साहस और पुरुषार्थ ही से उसे मार डालता है। यह विचार कर:—

कहे साहि छत्रु दुत सु वैनं।
कहो राय कोप न छूम एनं॥
कितोक दल बल सूर समाजं।
कित इक गढ़ सामांधर राजं॥ ३३१॥
रहनी करनी प्रजा प्रतापं।
बाना बिरद दान धन आपं॥
नीति अनीति ग्राम गढ़ कैसा।
सहर सरोवर बाट जु जैसा॥ ३३२॥
दूत कहता है कि:—
सत्तरि सहस तुरङ्गम जानों।
दोय लख पयदल भरमानों॥
सत्त पंच गजराज अमानों।
होय कीच मद बहत सु दानों॥ ३३३॥
रनथम्भोर ग्वालियर बंका।
नरवल और चित्तौड़ सुतंका॥
रहै जखीरा गढ के जेता।
अन वस्तु न जानत तेता॥ ३३४॥
तुरी सहस इकतीस सु सज्जै।

अरु गजराज असी मद गर्ज्ज ॥
सूरवीर दश सहस अमानों ।
इते राव रणधीर के जानों ॥ ३३५ ॥
मेटि मसीत जु मकल तह ।
कीनै मन्दिर देस ॥
बग निवाज न होय जह ।
श्रवण कथा हरी वेस ॥ ३३६ ॥
नही कुरान कलमा नहीं ।
मुसलमान नहि वीर ॥
चारि वरण आश्रम सुखी ।
देस हमीर सु धीर ॥ ३३७ ॥
अपनै अपनै धर्म में ।
रहैं सबै नर नारि ॥
राज नीति पन तेज जुत ।
करैं राज सुख कारि ॥ ३३८ ॥
कर काहू कै होय नहि ।
दुखी न कोऊ दीन ॥
आश्रम किते अनूप हैं ।
ऊचे मिन्दर बीन ॥ ३३९ ॥
सरवर सु पंच जल अगम सोय ।
बहु रग कमल फूले सु जोय ॥

चहुं ओर नीर को न हिन छेह ।
परवत अनुप जल झरें एह ॥ ३४१ ॥
सो हह अगम पहुंचे न खग्ग ।
गढ़ चढ़े कवन जहं इक मग्ग ॥
भरु भरं दोय भण्डार अन्न ।
दस लक्ख कोटि दश सहस्स मन्न ॥ ३४२ ॥
दस लक्ख लून लन धरे संचि ।
दीप दोय लक्ख धरि धातु खंचि ॥
घृत सहस बीस मन भरं हौद ।
दोय लक्ख पैद चिहुं गढ न कौद ॥ ३४३ ॥
विन तोल नौंन पर्यंत सुतच्छ ।
दस सहस अमल आफू समच्छ ॥
मृग मद कपूर केसरि सुगन्ध ।
भरि रहे भौन सौंधे सुवन्ध ॥ ३४४ ॥
नहि तोल तेल लोहा प्रमान ।
बारूद शुद्ध नवलच्छ जान ॥
अरुप ता जानो सीसो सु सुद्ध ।
नव लक्ख धरयो संचय समुद्ध ॥ ३४५ ॥
दद महा वंक गनेश गड्ढ ।
विन अगम सके पच्छी न चड्ढ ॥
चढ़ तोप उन्नरि गढ पै अचल्ल ।

तव छुटत और पर्वत सुरङ्ग ॥ ३५० ॥
छुटन्त गर्भ सुक्कन्त नीर ।
मनु वज्रपात सुक्कत समीर ॥
आसा सुनाम रानी सुएक ।
पतिव्रत्त धर्म्म देवी सु टेक ॥ ३५१ ॥
रणथम्मनाथ सुत इक्कपूर ।
चण्ड तेज मनु उग्गत सूर ॥
रतने सनाम जग है विख्यात ।
चित्तौड़ा दुग्ग पालं सुतात ॥ ३५२ ॥

इत्यादि दूत के मुख से राव हम्मीर की अपार शक्ति का वर्णन सुनकर अलाउद्दीन का कलेजा थर्रा उठा, परन्तु फिर से हिम्मत भरे वचनों में उसने कहा कि ।

क्या हमीर मगरूर पलक में पाय लगाऊं ।
खूनी महिमा साह उसे गहि दिल्लिय लाऊं ॥
जीति राव हम्मीर तोरि गढ धूरि मिलाऊं ।
इति जो न अब करू तौ न पत साह कराऊं ॥
कतेक राज रण थंभ को इतो कियो अभिमान तिहि ॥
कोपि साह भेजे जवें । दशौं देश फर्मान जिहि ॥

वृद्ध पुरुषों ने बादशाह को बहुत कुछ समझाया परन्तु उसने आवेश में आकर यह प्रतिज्ञा करली कि हमीर के

साथ समस्त चौहान वंश को नष्ट करके ही मैं अन्न जल ग्रहण करूंगा।

यह सुनकर महरमखां वजीर साह सों ऐसे भाषै ॥
चहुवानन की बात सबै अगली मुख आखै ॥
पहले हसन हुसेन सैयद चहुवान सुपेले।
सात बैर पृथिराज गहे गवरीगही मेले ॥
बीसलदे अरू पिरथये। जड पीर करे अजमेर हनि ॥
महरमखां इम उच्चरे। इसो वंश चहुवानगनि ॥ ३६७ ॥
गीदड सिंह शिकार साह एको मति जानों।
रणतभँवर दिस भुल्लि आप मति करो पियानों ॥
यहां राव हम्मीर और रणधीर अमानों।
अरू सामन्त अनेक अधिक तैं अधिक बखानों ॥
बहु दुर्ग वंक रणथम्भगढ।
यह विचार जिय लिज्जिये ॥
तुम अलावदी पीर अति।
आप मुहिम्मन कीजिये ॥ ३६८ ॥

किसी की भी न सुनकर बादशाह ने उसी वक्त समस्त देशों में फरमान भेजे और तमाम हिंदु मुसलमानों की असंख्य सेना बुलवाली गई। इधर बादशाह की वैतनीक फौजें भी समस्त सजाई गई। और अपार खाद्य सामग्री भी इकट्ठी हो गई तबः—

मिश्रदेश ग्वधार खरे गज्जनी दल आये ।
अरु काविल खुरमान कोपिपति शाह बुलाये ॥
रूम श्याम कश्मीर और मुलतान सुसज्जे ।
इरां तूरां कटक बलख, आरब घर, गज्जे ॥
सब देश कहग फिरंग क झकड के सज्जे सुबल ।
अल्लावदीन पनी शाहके ।
चढे संग टिड्डी शुदल ॥ ३७१ ॥
चढ हिन्द के देश प्रथम सौरठ गिरनारी ।
दक्षिण पूरबदेश लिये दल वइल भारी ॥
अरु पहार के भूप और पछिम के जानों ।
दशों दिशा के वीर कहाँ काउ नाम बखानों ॥
ग्यारसै अठतीस थे ।
चैत्र मास छितीया प्रगट ।
चढे शुनाह अल्लावदी ।
करी हमीर पर कटक भट ॥ ३७२ ॥

सात लाख हिंदु राजाओं की और बीस लाख मुसलमानों की अंगी फौज तथा अठारह लाख अन्य परिकर एवं कुल ४५ लाख मनुष्य ५००० हाथी और पांचलाख घोड़े आदि अपार भीड़ भाड़ लेकर अल्लाउद्दीन ने रणथंभगढ पर चढाई की। उस समय सात लाख राजपूतों को चौहानों के खून के पिपासु देख विद्वान् अलाउद्दीन को अपार आनंद होता था और मन ही

मन में समझता था कि हिन्दुओं के समान मूर्खजाति दीपक लेकर ढूंढने पर भी कहीं नहीं मिलती ।

६७—सच है अगर हिन्दु भाइयों में आपस का जाति विरोध और एक दूसरे पर वैरभाव न होता तो आज हिन्दुस्थान की ऐसी दुर्दशा कभी न होती । इन्होंने सवाई और पंच हजारी मनसबाआदि पदवियों के लालचमें फंसकर अपनी अज्ञानता से अपने ही देसको सर्वथा नष्ट कर दिया । अपने जाति और स्वदेशी भाइयों के खून में हाथ धोकर खुद कमजोर होगये, और सदा के लिये दासत्व की शृंखला में जकड़ कर बंध गये । अब ऐसी आशा भी नहीं रही कि ये पराधीनता की बेड़ियां टूट सके । जो क्षत्रिय जातियां आफत के जमानोंमें अपने धर्म से पतित होकर जात्यन्तर में मिलगई थी अगर उन्होंका पुनरुद्धार होजाय तो उम्मेद है कि देशका कुछ भला हो । जिस समय बादशाही दल बल राव हम्मीरजी की शरहद में पहुंचा उस समय वहां की प्रजा में बडा भारी कोलाहल मच उठा । अलाउद्दीन के आज्ञानुसार सब सैनिक सिपाही प्रजा को नाना प्रकार के कष्ट देने लगे । लाखों पुराणे वासी राजपूत जमीदारों को मुसलमान बनाया गया जो इस समय मेव नाम से प्रसिद्ध है । मेव और मेवासी ये प्राचीन राजपूतों की जातें है। उस समय इस देसमें इन्हीं का राज्य था । और इसी कारणसे इस देशको मेवास या मेवात भी कहते थे । जो इस समय में

रियासत अलवर नाम मे प्रसिद्ध है ॥ अलाउद्दीनने महिमाशाह की आतिथाल मारू और मेणामियों का - जिनोंने इस्लाम धर्म स्वीकार न किया था सर्वथा नष्टही कर दिये। उन्होंने भी लड़ कर अपने प्राण छोड़ दिये परन्तु हिन्दु धर्म न छोड़ा। जो कायर थे भी अपना घर जमीन और धनमाल छोडकर पहाड़ों में भाग गये या मुसलमान होगये। उस सर्वनासी समयका वर्णन है कि।

चढे शाहिकोपै सुवज्जे निशान।
चढे मीर गंभीर सत्थ-सुजान॥
उडी रणु आकाश सूझे न भान।
धरा मरु डुल्लै सुभुल्लै दिशान॥
सहै शेप भार न पार न पावै।
डगं कीं ह दिग्गज अग्गं सुधपावै॥
मनो छाँडि वेला समुद्र उमडे।
किये हैदल पयदल रत्थतडे॥ ३७४॥
चढे सत्तलख्ख सुहिन्दु सपत्न।
सवै वीस लख्ख मलेच्छ अयन्न॥ ३७५॥
सवै सेन सज्जी चल्यो साही कोप।
सबै पच चालीस लख्खं सुआप॥ ३७६॥
तहाँ तीस हज्जार निसान वज्जैं।
सुतो घोर सोर सुनैं मेघ लज्जैं।

सत्ताईस लख्खं महावीर वंकै ।
टरैनाहिं जंग भये तामहंक ॥ ३८२ ॥
परै जोजनं अट्ट आदोय फौजं ।
कटे थंक वन्नं हटे नाहिं रोजं ।
चढं उच्चटं घाट थट्टे सुचल्ले ।
मनोंसागरं छंडि चलो उग्गल्ले ॥ ३८३ ॥
जले सुक्कियं नीर नाना सुथानं ।
बहैं ओघटं घाट टूट्टंत मानं ॥
कियो कूच कुच्चै चलै मीर धीरं ।
परयो जोंर हम्मीर के देश तीरं ॥ ३८४ ॥
भजै भूमियो भुम्मिचल्लं अपारं ।
गये पर्वतं वंक मैवांस भारं ।
सबै राव हम्मीर के देसमांहीं ।
भये वीर संधीर जुद्धंसमांहीं ॥ ३८५ ॥

रण वांकुरे १२ मेवासियों में एक सत्तोजी पाकुल बडा बहादुर और दानेश्वरी था । सर्व राजपुत्रों नें एकत्र मिल कर जब स्वदेश और हिन्दूधर्म के रत्तण का विचार किया तो उस वक्त एक वृद्ध चारण बोला कि:—

मांच मेवासी भेला क्यों करो ।
क्यां कागदियारु खंदाय ॥
बुलालो सत्ता पाकुलने ।
यासुं दिल्ली धडका खाय ॥ १ ॥

शक्ता उस समय बैराटदेश को लूटने के लिये गया हुआ था। जब उसको यह खबर पहुंची कि अलाउद्दीन मेवात को विध्वस कर रहा है तो उसने उसी दम आकर रातमें ही बादशाह की फौज को लूटनी शुरु करदी।

जब भग्गी सेनपति शाहकी।
लुट्टी जो ऋद्धि अपार।
तब महरमखां साहसों।
अर्जंकरी तिहींवार ॥ ४०० ॥

हजरतिदेश हमीरको।
निपट अटपटो जानि।
भिल्ल काल तस्कर सबै।
अरु किरात सुमानि ॥ ४०१ ॥

वीरमानी शक्ता पाफुल ने बादशाह को कहला भेजा कि यदि आप जबर्दस्ती से हिन्दुओं को मुसलमान बनाओगे तो मैं इसी प्रकार दिल्ली को भी लूट लूंगा। यह सुन बादशाह घबड़ाया और हिन्दूधर्मको नष्ट नहीं करनेकी प्रतिज्ञा ले मेवात से निकलगया। यह देख फिर चारण कविने कहा कि—

सक्ता तु शत बांदयो राख्यो मांन मेवातको।
फिर फिर घूमर देय :
थलकाब्यो बैराट को ॥ १ ॥

प्राक्कुल या पाक्कुल यह प्राचीन और पवित्र राजपूतों की शाखा है। जिसको इस समय पाकुल या पाकल कहते हैं यदि उस समय क्षत्रिय श्रेष्ट शक्का पाकुल न होता तो आज कालेमाल और तलेटी के राजपूतों की भी वही दशा होती जो इस समय मेव भाइयों की है। जो पवित्र क्षत्रिय जाति गोमाता का रक्षण करती थी आज वही भक्षण कर रही है॥ पुष्कर पर्वतशिर और करौली के मेले तथा अन्यान्य देशोंसे दरसाल कम से कम तैयालीस हजार बैल यह मेवभाई खरीदते हैं और वह सब प्रायः दिल्ली और मेरठ जिलों में जाकर मुसलमान भाइयों की भयंकर छुरियों से कटकर युरोपीयन दैत्योंके कठोर जठरमें हजम होते हैं॥ इस ही कारण से महंगाई इतनी बढ गई कि जो बलद १०) में आता था आज वह ७५) में भी नहीं मिलता। गरीब कृषकों को बैल न मिलने के कारण बहुत सी जमीन वीरान पड़ी रहजाती है। इसमें राज्य का भी बड़ा भारी नुकसान है। हम सब देसी रियास्तों से सानुनय निवेदन करते हैं कि वह अपने राज्य मे पर रियास्त में किसी भी ढोर-डंगर को न बेचने दें और समस्त हिन्दु भाइयों से मैं नम्र प्रार्थना करता हुं कि अगर आप लोगों के हृदय में कुछ भी दया धर्मका अंश हो तो अपने उपयोगी पशुओं को मुसलमान भाइयों के हाथ न बेचें। विद्वान् आर्यसमाजियों के सदुपदेश से सैंकड़ों मेव भाई अब अपनी मूल क्षत्रिय जाति में

आग्रह हैं। आशा है कि वर्त्तमान अलवर नरेश भी इस पतित, पावन कार्यमें मदद देकर हिन्दूधर्म के साथ २ अपना चात्र बल बढावें ॥

जो सात करोड हिन्दू जबरदस्ती से मुसलमान बना लिये गये थे अगर उन्हों को पीछा गले लगा लिया जावे तो सहज में हिन्दुस्थान का उद्धार होसकता है ॥ मेवात से निकले के बाद में सहर मलूहारणे आकर बादशाह ने फिर भयकर जुल्म सुरु किया।

तिही विच नलहारणो इक गड्ड।
लडे राव के राव त जोर दड्ड॥
दिना तीन लौं सो कियो जुद्ध भारी।
फते बादशाहको भई बनकारी॥ ३८६॥

किलेदार रावत् जातिका क्षत्रिय था। आजकल यहजाति जैपुर राज्य में चाकीदारी के काम पर, नौकर है। अब यह लोग क्षत्रिय धर्म से बिलकुल पतित होचुके हैं। जमींदारों के समान इन्हों में भी घोर अविद्यान्धकार फैला हुआ है। शूद्रों के घर की कच्ची रसोई खाने में इन्हों को बिल्कुल सूग नहीं आती। कलालों के प्याले के भी यह लोग अपना मुंह जा टेकते हैं कि जिसमे ढेड चमार रेगर कोली खटीक आदि सबही नीच जाति के लोग शराब पीते हैं। जिस के घर में चोरी की गये चाहे वह नीच जाति का भी क्यों न हो अगर

उस में दही का पात्र मिल जावे तो ये लोग उस को अच्छा शकुन समझकर खुसी से खाते हैं । चोरी करने में यह लोग कुछ फायदा समझते हैं लेकिन इस बुरे कर्म से अपनी जाति की कितनी बडी दुर्दशा होरही है इसका विचार करनेवालाभी इन्हों में अभी तक नहीं जन्मा । इन्ही के कारण से परदेशों में विचारे गरीब जमीदार भी मारे २ फिरते हैं परन्तु उन्हों को कहीं अच्छी नोकरी और अच्छास्थान भी नहीं मिलता । मैंने एक रावत सरदार से पूंछा था कि यदि आप लोग राजपूत हैं तो फिर चोरियां क्यों करते हैं । इसके उत्तरमें उन्होंने कहा कि महाराज चौरीकरना तो हम चत्रियों का धर्म है । मैंने कहा चौरी करना यह चत्रियोंका धर्म नहीं किन्तु बदमाश और नीच जातियों का काम है । हां यदि अनार्य लोग हिन्दूओंकी जाति और धर्म को नष्ट करता हो तो उन्हों को लूटने का और सर्वस्व नष्ट करदने का चत्रियोंका धर्म है । अपने प्राणों की भी परवा न रखकर देशवैरियों को लूट और खोस लेना यह बहादुरी का काम है और रात को चुपके से जाकर गरीबों के दाह लगाना यह चत्रिय जाति से विरुद्ध कापुरुषों और कमजोरों का काम है । शिवपुराण में लिखा है कि—

वर्णाश्रम विरुद्धं च, कर्म कुर्वंति ये नराः
कर्मणा मनसा वाचा निरयेतु पतंति ते ।२४। अ०१६

अर्थात् मनवचन और काया से जो कोई मनुष्य अपनी जाति और आश्रम से विरुद्ध चोरी आदि कर्म करता है वह घोर नर्क में पड़ता है और उस के जाति के लोगों की भी संसार में बुरी दशा होजाती है। व्यभिचारी तेरेपंथी साधुओं के समान चोरों की ८ दिन में दो बार हाजरी होती है परन्तु इमान्दार राजपूतों की कोई हाजरी नहीं ले सक्ता। आशा है कि रावत (नयानामी चौकीदार) भाई इसपर खूब विचारकर अपनी उरादरी को पराधीनता की शृखला से मुक्त करेंगे।

रावतद्वारा मल्लारणा की निरपराधी प्रजा के खूनके समाचार पाते ही हम्मीर की बंक भृकुटी और भी टेढ़ी हो गई। कमल के समान नेत्र अग्निशिखा से लाल हो उठे। बहु और ओट फड़कने लगे. रावजी का ऐसा आकार देख कर अभयसिंह प्रमार १ भूरसिंह राठोर २ हरिसिंह बघला ३ मादूला चौहान ४ और अजमतसींह शिहिरा ५ इन ५ सरदारों ने मीनों की बीस हजार फौज लेकर बनास नदी पर शाही फौज को सामने में ही रोक लिया और ऐसे पराक्रम से लड़े कि बादशाही सेना के पैर उखड़गये और बड़े २ अमीर उमरा जहां तहां भागने लगे।

जुरे आय जुद्ध नदीजो बनास।
घटे लख्ख चालीस और पाँचमास॥

इतें राव हम्मीर के पंच सूरं ।
अभयसिंह पम्मार रट्ठौर भूरं ॥ ३२६ ॥
हरीसिंह बघेल कूरम्मभीरं ।
चहुवान सद्दूल अजमत्त सिहिरं ॥
त्रिभागं करी सेन चारों उठाई ।
मिले वीर धीरं अमीरं हठाई ॥ ३३० ॥

इस युद्ध में अलाउद्दीन के तीस हजार सिपाही हेढ सौ योद्ध और कई एक अमीर उमराव काम आए किन्तु हम्मीर के १७५ सिपाह और १० सरदार खेत रहे जिन्हों में अजमत सिहीरा मुख्य था।

९९—सिहीरा यह भारत के प्राचीन निवासी चन्द्रवंशीय (चान्द्रा) राजपूतों की एक शाखा है। सांच नगरी जिसको इस समय जंत्र का रामगढ बोलते हैं शिहीरों की राजधानी थी इन्हों में राव मेंदानामक शिहीरा बड़ा धर्मिष्ट और दानेश्वरी हुआ है। कहते हैं कि उसके नाम से डूबते हुए जहाज तिरजाते थे। भयंकर रोग नष्ट होजाते थे। अपुत्रियों के पुत्र होजाते थे याचना करने पर कवीश्वर और ब्राह्मणों के लिये इन्होंके पास कोइ वस्तु अदेय नहीं थी। स्वार्थपरायण और विश्वासघातुक कुकृत्याओं ने इन्हों को मरवाकर नष्ट करादिया। इन्हों की बड़ी बड़ी प्राचीन महिलायतनों के खंडेरों को आजदिन तक भी राम गढ का पहाड़ अपनी अचल गोद में लेकर बैठा हुआ है तो दुश्मनों के दबाव से सिहिरा जाति भी अपने शिखर स्थान से

पतित होकर पद दलित होगई है। अब इस जाति में कोई भी ऐसा क्षात्रियाभिमानी सच नहीं रहा कि अपने देश और जाति की गौरवता को पुनः स्थापित कर शके॥

१००—बनास नदी से उठ कर दुर्ग के पास बादशाह की अपार फौजों की अलग २ छावनियें पडगई। जिसमें दो लाख तो ब्योपारी हिन्दु बनिये थे। एक लाख सोलह हजार मुसलमान ठेकदार थे। चारलाख पेजदार थे। चारलाख रसोइदार थे। दो लाख धोबी थे। चार लाख गिनती लगानेवाले(पहरेदार) थे। एक हजार उपर दस मरहम पट्टी करने वाले डाक्टर थे और एक हजार आदमी चिट्ठी पत्री देने वाले कासीद थे। मुख्य २ वेपारियों के और सेनाध्यक्षों के नाम से बडे २ शहर बसगये सरपुर खलचीपुर इत्यादि एक वर्ष तक बादशाह ने तन तोड परिश्रम करलिया लाखों कर्च होगई लेकिन दुर्ग फते न हुआ। तब सेनापति उलगखाने अपनी सेनाके छोटे२ हिस्से कर ८४ घाटियों द्वारा प्रवेश करना सुरु किया। उसने अपने भाइ नसरतखां को तो सहोपथ की घाटी को भेजा। और म्होलणदेवको हम्मीर की सभा में इस आशय से भेजा कि दो चार दिन तक सधी की बात चीत में उन्हें बहलाये रहें और हिन्दोघाटी के द्वार की सेना कुछ पीछी हटाली गई तो सर्व रक्षक भी निश्चिन्त होगये और फते के नगारे बजाते हुय रणथंभोर की तर्फ मुड गये। दोनों सेनाध्यक्षों में धर्मसिंह तो

लूट का माल ले अपने घर पहुंचे और भीमसिंह हिन्दावनकी घाटी में पहुंचे. उसी वक्त बादशाह की फौज ने चारों तर्फ से आकर भयंकर वेग से आक्रमण करदिया। सहस्रों प्राचीन निवासी सैनिकों सहित सेनापति भीमसिंह खेत रहगया, यह सुन हम्मीर ने धर्मसिंह को धिक्कारा और उसके पदपर भोजदेवको नियुक्त करदिया। इतने में बादशाह की फौज भी आ पहुंची। दोनों पक्ष अपनी २ घातमें थे। मुसलमानोंने समझा कि हम आक्रमण करनेके लिये धूर्तता से उत्तम स्थिती पागये। उधर राजपूतों ने विचारा कि शत्रु अंतरभागमें इतनी दूर बढ़आएहैं कि वे अब हम से किसी प्रकार भाग नहीं सकते। अंग तैलंग मगध मैसूर, कलिंग, बंग, भोट मेडपाट, पंचाल, थमिम, सिन्ध नैपाल तथा दाहल के राजा और कुछ हिमालय के सरदार अपना, २ दल आक्रमणकारी सेनाओं में भरने को लाए इस बहुरंगिनी सेनामें कुछ लोग ऐसे थे जो युद्धदेवी के प्रेम से आए थे और कुछ ऐसे थे जो लूट की चाह से आक्रमण कारियों के दलमें भरती हुए थे। कुछ लोग केवल उस घमसान युद्ध को देखने के हेतु ही आए हुए थे। हाथी घोड़ों रथों और मनुष्यों की इतनी कसामसी थी कि भीड़ में कहीं एक तिल रखने को भी जगह नहीं थी। राजा का आज्ञा होने पर दूतने दुर्गमें प्रवेश पाया। शिष्टाचार के उपरांत उस ने उस संदेश को कहा जो लेकर आया था। निदान उसने कहा यदि

आप महिमाशाह को बादशाह के हवाले करदें अथवा एक लाख मोहर चार हाथी तीनसो घोड़े भेट कर अपनी बेटी अलाऊद्दीन को व्याहदें तो वह आप से प्रसन्न हो संधि कर दिल्ली को चला जायगा। हम्मीर इस अपमानकारी संदेश से बहुत ही क्रुद्ध हुआ और उसने मोल्हणदेव से कहा यदि तुम भेजे हुए दुत नहीं होते तो जिस जीभ से तुमने यह अपमान सूचक बातें कही है वह काटली गई होती। इसी दूत के साथ हम्मीर ने यह फर्मान लिख भेजा कि मैं जानताहुंकि तू बादशाह है परतु मैं भी उसी चहुआन कुलमें से हू जिसने सदैव मुसलमानों के दात खट्ट किए हैं। ख्वाजा मीरा पीर का एक लाख अस्सीहजार दल बल अजमेर में चहुआनोंने ही खपाया था। उसी वशमें पृथ्वीराज ने सातवार शाहाबुद्दीन को पकड़ चूड़ी पहनाकर छोडदिया। बस मैं भी उसी चहुआनकुलमें हूं।' यवनराज तू निश्चय रख मेरी टेक यह है के सूर्य चाहे पूर्व से पश्चिम में उगने लगे। समुद्र मर्यादा छोड़दे। शेप पृथ्वी को' त्यागदे। अग्नि शीतल होजाय। परतु राव हम्मीरका अटल पण नहीं टल सकता। हा यदि अलाउद्दीन उक्त सब चीजें हमारे को दें और साथ में उठनेही खड्ग आघात हमीर के हाथ के स्वीकार करले तो महिमाशाह को पासकता है।

लिम्बं हमीर साहि सब बचे।
कारमन कोप जगको नचे॥

तीन सहस निसान सुरज्जे ।
घर अनर मगसार सुगज्जे ॥ ४१७ ॥
रणतभघर चहुं ओरसुघरिव ।
दल न समात पुहुमि सबहरिव ॥ ४१८ ॥

रणथंभ की सेना भी युद्ध के लिए सुसज्जित होने लगी। बड़ी योग्यता और पराक्रम के साथ सेनापति भिन्न २ स्थानों की रक्षा के हेतु नियुक्त हुए। दुर्ग की दीवारों पर रक्षकों को धूप से बचाने के लिए इधर उधर डेरे गाड़े गए। कई स्थानों पर उबलता हुआ तेल और राल रक्खी गई कि यदि आक्रमण कारी निकट आनेका साहस करें तो उन्हीं पर छोड़दिया जायं। उपयुक्तस्थानों पर तोपें चढ़ादी गईं। अंत में मुसलमानी सेना भी दुर्ग के सामनेही आगई तब हमीरने शिवालय में जाकर पूजन किया और स्तुति करके जिस समय रावजी ध्यान में मग्न थे, उसी समय शिवालय में आकाशवाणी हुई कि—

कहे संभु हम्मीर सुन। कीरति जुग जुग तौर ॥
चौदह वर्षजु साहिसों। लरत विघ्न नहीं ओर ॥ ४२९ ॥
बारै अरु द्वै बरषपरि। सुदि असाढ सुनि सोई।

पूत आचार्य श्रीजिनदत्तसूरीजी के सदुपदेश से जैनी ओसवाल होगये, जिन्हों को इस समय भड़गानिया कहते हैं। आचार्य महाराज का इन्हों को वरदान है कि जो कोई भी भड़ गोत्रीय सरदार मद्य मांसादि अशुद्ध खानपान को छोड़कर जैन खरतर शुद्ध समाचारी पालेंगे तो लक्ष्मी उन्होंकी सदा दासी रहेगी। वर्तमान समस्त भारतवर्षीय भड़गोत्रियोंको चाहियेकि कायरता और असभ्यताको सर्वथा त्यागकर अपने पूर्वजोंका ही मार्ग ले। उनों के बारेमें लिखा है कि—

काछ बाछ दृढ वज्र शरीरं।
माया मोह न लोभ अधीरं॥
अमृत वचन सबनते भाखे।
जाचत आपुन प्रान न राखे॥ ४३४॥

बादशाह की आज्ञा पातेही मुसलमान सेना नायक महम्मदअली रणथंभ के अजेय दुर्ग को पाने के लिये प्रयत्न करने लगा। इधर राय हम्मीर की आज्ञा पाकर छाणगढ़ के स्वामी काका राव रणधीर ने भी किले की बुर्जों में से अग्नि वर्षा करने की गोलमदारों को आज्ञा दी और आप कुछ सैनिकों सहित मुसलमानी सेना में वह इस प्रकार से धसपड़े जैसे भेड़ों के समूह में भेड़िया घंसता है। निदान पहिली बरणी राव रणधीर और मुहम्मदअली की हुई जिसे रावजीने एकही हाथ में दो कर दिया। यह देख उसका पीठनायक अजमतखां

रणधीरजी के सन्मुख आया किंतु रणधीरजी ने उसे भी मार गिराया। अजमतखा के गिरते ही मुसलमानी सेना के पैर उखड़ पड़े। इस युद्ध में मुसलमान सेना के अस्सी हजार अस्त्रधारी खेत रहे और राव रणधीर के एक हजार जवान मारे गए। महम्मदमीर के मारे जाने पर जब मुसलमानी फौज भागने लगी तब अलाउद्दीन ने वादितखा को सेना नायक बनाया। वादितखा ने बड़े धैर्य और दृढ़ता से उत्तेजनाजनक वाक्य कह कर बिखरी हुई फौज को बटोर कर राजपूत वीर राव रणधीर का सामना किया किन्तु अन्त में उसे भी भूत सेनानायकों के पास जाना पड़ा। वादितखा के मरते ही सारी सेना भाग निकली। दूसरे दिन हम्मीर से खुद अलाउद्दीन ने युद्ध रोपण का वचन दिया। प्रातः कृत्य होने के अनन्तर ही अत्यन्त भीषण और कराल युद्ध हुआ। इन दो दिनों में मुसलमानों के कम से कम ८५००० आदमी मारे गये। अलाउद्दीन स्वयं निस्तेज होकर पीर पैगम्बरों को पुकारने लगा। दोनों योद्धाओं के बीच कुछ दिनों विश्राम करना निश्चित होने पर लड़ाई कुछ काल के लिये बन्द हुई।

१०२—एक दिन वजीर महम्मदखा ने बादशाह से कहा कि इस प्रकार सन्मुख युद्ध करके जय पाना अति कठिन है इसलिये कुछ सेना यहां छोड़ कर छाणगढ़ के किले पर चढ़ाई की जाय। उस किले में राव रणधीर के परिवार के सब लोग

रहते हैं। शायद अपने परिवार पर भीड़ पड़ी देख राव रण-धीर आपके शरण में आजाय तो फिर अपनी जय होने में कोई सन्देह नहीं है। निदान वजीर की बात मान कर बाद-शाह ने वैसा ही किया, किन्तु पांच वर्ष व्यतीत हो गए और छाणगढ़ हाथ न आया। वरना इसी में एक नवीन बात यह निकल पड़ी कि दिन भर तो हम्मीरजी घोर युद्ध कर यवनों का संहार करते थे और रात को रणधीर का धावा पड़ता था कि जिससे शाही सेना अत्यन्त ही व्याकुल हो उठी। बड़े २ अमीर उमराव मिट्टी के मोल मारे जाने लगे। जब अब्दुलकरीम, करमखां, यूसफजंग आदि बड़े २ बुद्धिमान योद्धा मारे गए तब अलाउद्दीन घबड़ा उठा और कुछ दिनों के लिए युद्ध बन्द कर फिर से अमीर उमरावओं की सभा करके अपने उद्धार का उचित उपाय विचारने लगा।

१०३—इसी समय राव रणधीरजी की सलाह से सब हकीकत लिखकर राव हम्मीरजी ने चित्तौड से अपने दोनों कुंवरों को बुलाया तो वे तीस हजार राठौड आठ हजार चहु-आन और पांच हजार परमार (मारण) राजपूतों की सेना लेकर रणथंभ को चले आए। दोनों राज कुमारों को देख कर राव हम्मीरजी ने प्रसन्नता पूर्वक उन्हें गले लगा लिया और मीर महिमा को शरण में रखने के कारण अलाउद्दीन से रार लड़ जाने का हाल भी विधिवत् वर्णन कर सुनाया, जिसके

सुनते ही दोनों राज कुमारों का मुख प्रसन्नता से प्रफुल्लित हो उठा। उन्होंने वीर रस में उन्मत्त होकर मदान्ध मृगराज की भांति झूमते हुए रानजी से कहा कि अब तक आपने परिश्रम किया, अब तनिक हमारा भी पराक्रम देख लीजिये, यों कह कर दोनों राज कुमार रनवास में गए। रानी आसुमती के चरण छूकर वे बोले कि हे माता आप कृपा कर जयलक्ष्मी के लिए हमारे मस्तक पर मौर बाँध कर हमें युद्ध करने का आशीर्वाद दीजिए। दोनों राज कुमारों के ऐसे वचन सुनकर आसुमती ने भी सुतस्नेह में सने हुए वाक्यों से सम्बोधन करते हुए उन्हें कलेजे से लगा लिया और अपने हाथों से उन्हीं के शीश पर मौर बाधा और केसरी बागा पहिना कर उन्हें युद्ध में जाने को विदा किया। यह सुनकर बादशाह ने मीर जमाल को सेनाध्यक्ष बनाया। इधर से दोनों राज कुमार केसरिया बाना पहने शीश पर मुकुट हाथों में रणकंकण बांधे तुरगों पर सवार हो सोलह हजार राजपूतों की सेना के बीच में ऐसे भले मालुम देते थे मानों रणबांकुरे देवताओं के दल में इन्द्र और कुमार सुशोभित हो रहे हों। दोनों वीर सेना सहित उज्वल नेजे और खड्ग चमकाते हुए मुसलमान सेना में इस प्रकार धँस पड़े जैसे काले २ बदलों में बीजली विलीन हो जाती है। इधर अलाउद्दीन से उत्तेजित किए हुए यवनदल ने उन राज-कुमारों को घेर लिया और जमालखां बड़े वेग से उन दोनों

राजकुमारों पर टूटा । यह देख राव हम्मीरजी ने वीर शङ्खोधर को कुमारों की सहायता के लिए भेजा । इस पर इधर से अग्वी फौज का धावा हुआ । राजपूत और मुसलमान सेना में इस प्रकार विकट मार होने लगी कि किसी को अपना बिराना न सूझता था । इसी समय जमालखां ने अपना हाथी राजकुमारों के सामने बढ़ाया । तब वाल्हनसिंह कुंमार ने तलवार का ऐसा हाथ मारा कि एक ही हाथ में लोहे का टोप कटके मीर जमाल की खोपड़ी के दो टूक हो गए । हाथी पर से जमाल को धड़ाम से गिरता देख वालनखां ने कुंमारों पर धावा किया । इधर से वीर सह्लोदर ने बढ़कर उसको रोका निदान सायङ्काल तक बराबर लोहा झरता रहा । दोनों कुंमार अपनी समस्त १६००० सेना सहित स्वर्गगामी हुए । इस युद्ध में मुसलमानी फौज के ७५००० योधा खेत रहे ।

१०४—इस प्रकार दोनों राज कुमारों के मारे जाने पर राव रण धीरने क्रोधित होकर किलेपर से आग बरसाना आरंभ करदी । तब बादशाह ने कहला भेजा कि आप क्यों जान बुझकर जान देने पर उतारू हुए हैं । ऐसे इस झगड़े का अन्त नहोगा । यदि आप राव हम्मीरजी को समझाकर महिमाशाह को मेरे पास भिजवादें तो आप और रावहम्मीरजी सुख से राज्य करें हम दिल्ली चले जायेंगे । परन्तु रणधीर ने केवल यही उत्तर दिया कि विषय सुखकी लालसा व मृत्यु के भय से डर के

अपना धर्म छोड देना यह क्षत्रियों का धर्म नहीं है। इस प्रकार करारा उत्तर पाकर अलाउदीन ने भी अपनी फौज को छाण के किलेपर एकदम आक्रमण करने की आज्ञा दी बादशाह का हुकम पाते ही मुसलमानी फौजन टिड्डीदल की तरह उमड कर किलेको चारों ओर से घेर लिया और किले पर से चलते हुए गोले गोली बाण चक्रों की घोर बौछार की कुछ भी परवाह न कर किलेपर चढही गये। मुसलमानी सेना जब किले में घस-पड़ी तब राजपूत लोग सर्वथा प्राणों का मोह छोडकर तलवार से ही काम लेने लगे। रेलापेल में बादशाह के निज पेशका ने राव हम्मीरकी तलवार के सामने आने की हिम्मत की किन्तु वीर रणधीर के एक ही वार में उसके जीवन का वारा न्यारा हो गया, तब उसके सहकारी ५० रुमी सरदारों ने रणधीरजी को घेर लिया राव रणधीरजी ने इन पचासों योद्धाओं सहित उनके मालिक रुमी सरदार को भी मार ही गेरा। इस प्रकार दिनभर मार काट होते हुए राव रणधीर सहित ३०००० राजपूत वीर उस किले में थे सब के सब काम आए। और चै० शु० ६ शनी को छाणगढ़ बादशाह के हाथ आया। तब एक हजार राजपूतानी स्त्रियां स्वयं जल कर भस्म हो गई। इस युद्ध में शाही फौज के दो बड़े २ सर्दार और एक लाख रुमी सैनिक खेत रहे जिन्हों की अगणित कबरें आज भी छाण के पास मौजूद हैं। इस भयङ्कर युद्ध का वर्णन कवि के वचनों में यो है—

चढ़े साहिदल विपुल जब छे किय गढ़ रणधीर ।
तब चहुआन रिसाय के सन्मुख जुडे सुवीर ॥ ५५२ ॥

रणधीर चढे करि कोप मनं ।
सब सामंत सूर सजे अपनं ॥
गजराजन उप्पर डंबरयं ।
उछल लगिवीर सु अंबरयं ॥ ५५३ ॥
बहु चञ्चल बाजिसु बग्ग लियं ।
किय अग्ग सु पैदल लाग कियं ॥
गढ़तें बहु भांति सु तोप चली ।
पतिशाह समंत सु कोप चली ॥ ५५४ ॥
रणधीर सुबन्धन दुर्ग कियं ।
करि मंगल विप्रन दान दियं ॥
रवि को परनाम सु कीन तवं ।
कर जोरि सु आयसु माँगि जवै ॥ ५५५ ॥
अरु राव हम्मीर जुहार कियं ।
हर्षे चहुवान सुमोद हियं ॥
बहु दुंदुभि ढोल सुभेरी वजे ।
कसि आयुध मायुध बीर सजै ॥ ५५६ ॥
हलका करि बीर चढे दल पै ।
मनु राघव कोप कियो खल पैं ॥
उतसाहि हुक्म कियो रिस में ।

सब सैन जु आय जुरयो छिन में ॥ ५६७ ॥
विफर सब वीर सुधीर मनं ।
सब स्वामी सु धम्म सु कीन पन ॥
दुहू ओर सु तोप सु कोपि छुटं ।
गढ कोटन कंगुरत पार फुटै ॥ ५६८ ॥
वरषं धर आगि सु धूम उठी ।
भुर अंबर भुमि कराल वुठी ॥
बहु गोलन गोलन गोल परे ।
गजराजन सों गजराज जुरे ॥ ५६९ ॥
हय सों हय पयदल पयदल सों ।
जुरिये बहु जोध महा बल सों ॥
बहु बान दुहू दल मांझ परें ।
धर शीश कहू कर पाव झरें ॥ ५७० ॥
बहु शोर अंबर सु घोर भयो ।
निसि वासर काहून ज्ञान लयो ॥
कर कुंडिय बीर कमान कसें ।
गज बाजिन फुट्टत पोर लसैं ॥ ५७१ ॥
वरषैं मनु पावस बुन्द अयं ।
बहु फुट्टत पाखर कगलयं ॥
तहा लागत सेल सुपारहियं ।
मनु श्रोत पनारन तें बहियं ॥ ५७२ ॥

लगि तेग करैं टुकटुक तनं ।
जिमिशीश परैं तर वृक्ष घनं ॥
तहँ साह सु सेन सुरक्खि चली ।
चहुवान नवै करि कोप बली ॥ ५७३ ॥
तुरकी पतिशाह तनी जो अनी ।
सुख बात सबै पतिसाह भनी ॥
करि कोप तबै पतिशाह कहै ।
मुहि जीवत सेन सुभज्जि चहै ॥ ५७४ ॥
बकसी तब आय सलाम कियं ।
लख रूमिक अप्प सुसंग दियं ॥
रणधीर तबै सनमुख पिलं ।
बकसी करि कोप सु ओप मिलं ॥ ५७५ ॥
गुरजैं रणधीर के सीसदई ।
तिन ढल्ल सु तुउप्प रि ओट लई ॥
बरछी रणधीर सु अंग दियं ।
धर फुट्टि सु वाजि को पार कियं ॥ ५७६ ॥
हय तें बकसी धर माँहि पर्यो ।
तेहि संग सुमीर पचास गिर्यो ॥
इक रूमिय धीर सु आय जुर्यो ।
किरवान लिये मन नाहिं मुर्यो ॥ ५७७ ॥
रणधीर इतै उत खात बलं ।

लथ वत्थ हूए भय देख दलं ॥
रण गीर कटार सुँ पार कियो ।
वज्र खान सु तेग जु कथ दियो ॥ ५७८
शिर टुट्टत धीर उठ्यो धडयं ।
बल खानहि आय गह्यो करय ॥
भिर पत्थसु हत्थ पछारि बल ।
किय पार कटार किये सुखलं ॥ ५७९ ।
परयो खत बकसी यडभारी ।
और संग दल बीस हजारी ॥
मीर पचास संग तेहि सुतं ।
इक लख रुमि विहस्त पहूते ॥ ५८० ॥
तीस सहस रणधीर सुसगी ।
परे खेत वर वीर उमगी ॥
धीर रुद्र द्वैपहर सुल क्यो ।
एक सहसह निगज जस संच्यौ ॥ ५८१ ॥
पक्खव उजरो चैत्र सुदि । तिथि नौमी शनिवार ॥
वीन हस छत्री परे । अवला जरी हजार ॥ ५८४ ॥

१०५—छाणगढ फतह करके अलाउद्दीन ने अपने लश्कर की वागरण थमगढ की ओर मोडी ओर कुवार सुदी ९ शनीवार को किले के चारों तरफ घेरा डाल कर दूत द्वारा कहला भेजा कि अब भी यदि महिमाशाह को मेरे पास भेजदो तो

बिना किसी रोक टोक किए दिल्ली चला जाऊं। दूत की बातें सुन कर राव हम्मीरजी ने कहा राव रणधीर सा चाचा और कुल दीपक दोनो कुमार भी जब इस युधाग्नि में अपने प्राण होम कर चुके तब मुझे अब सोच ही किस बात का है। जा तूं अपने स्वामी से कहदे कि अब कभी मेरे पास कोई संदेसा न भेजे। दूत ने आकर रावजी के वचन ज्यों के त्यों बादशाह से कह सुनाए। यह सुनकर अलाउद्दीन ने उसी समय गोलन्दाजों को हुक्म दिया की यहां से ऐसे गोले मारो कि किले की बुर्जों पर रक्खी हुई तमाम तोपे ठस होकर शान्त हो जांय। निदान गोलन्दाजों की सर्व चेष्टाये निष्फल हुई। बल्के किले पर से छुटे हुए गोलों की मारसे लश्कर की सब तोपें ठस होकर चरखों पर से गिरपड़ी। यह देख बादसाह की बुद्धि "किं कर्तव्य" विमूढ़ हो गई और वह अपने कर्तव्य पर पछताने लगा। बजीर मरहम्मखांने बादसाह को समझाया और रातों रात खाई पर पुल बान्ध कर सुरंग द्वारा किले पर चढने का प्रयत्न किया गया। परंतु पद्म सरोवर की गुप्त मोरिया खोल देने के कारण बादसाह की समस्त सेना बहगई।

१०९ एक दिन रावहम्मीर किले के उपर उतरीय सभा मंडप में अनेक वीर चात्रियों के बीच ऐसे ज्ञात होते थे मानो देवताओं की सभा में इन्द्र बैठे हुए हैं। रावजी के सन्मुख तिलोत्तमा के समान चंद्रकला नामक वैश्या नृत्य कर रही थी।

उसके प्रत्येक गीत में अलाउद्दीन की अपमान सूचक ध्वनि निकलती थी। बादशाह की ओर पदाघात करके उसने एक ऐसा विलक्षण कटाक्ष किया कि जिसको देख कर सभा के समस्त क्षत्रियों ने एक बड़ी आनन्द सूचक ध्वनि की। यह देख अलाउद्दीन से न रहा गया। सब अमराव उमीरों को बुलाकर उसने कहाकि यदि कोई इस वैश्या को बाण से मार कर हम्मीर के रंग में भंग कर दे तो मैं उसको बे सुमार दौलत दूं। यह सुन कर महिमाशाह के भाई मीरगभरु ने कहाकि स्त्री पर शस्त्र चलाना वीरों का काम नहीं, लेकिन श्रीमान् की आज्ञा तुमार हम्मीर के रंग में भंग कर ही देता हूं। यह कह कर उस वैश्या के पाव में उसने एक ही ऐसा बाण मारा कि वह उसी दम लोट पोट हो गई। और भी वीरों ने अनेक बाण चलाए जो किलेकी दीवार में अभी तक लगे हुए हैं। वैश्या को गिरते देख राजजी आश्चर्य क्रोध में आकर चारों ओर देखने लगे। तब हाथ बांध कर माहिमाशाह ने अर्ज किया कि यह बाण मेरे भाई मीरगभरु का चलाया हुआ है। श्रीमान् इस पर किसी प्रकार का खेद न करें और तनिक मेरा भी पराक्रम देखें। यह कह कर उसने एक ही ऐसा बाण मारा कि बादशाह के सिर से मुकट उड़ कर चूर चूर होगया। यह देख बादशाह भय भ्रांत होगया। तब वजीर महरखांने कहा कि अब यहां ठहरना उचित नहीं है। महिमाशाह के सचालन

लिये हुए इस चाल में आप फंस गये यह उसने आपके पहिले निश्चय का निर्वाह किया है । यदि वह हम्मीर का हुक्म पाकर अब की बार जो लड़कर बाहर आवे तो आपके प्राण बचने कठिन हैं । इसलिए मेरा तो विचार है कि अब यहां से दिल्ली कूच कर जाना ही भला है । वजीर की यह बात मान कर अलाउद्दीन ने उसी समय कूच की तय्यारी की आज्ञा दी ॥ इधर शाही लश्कर में चला चल का समान हो ही रहा था कि उसी समय राव हम्मीरजी के कोषा-ध्यक्ष सुरजनसिंह ने आकर बादशाह से कहा कि यदि श्रीमान् मुझे झाबागढ़ का राज्य दे दें तो मैं सहज ही में अजेय रणथंभ दुर्ग पर आपकी फतह करा सकता हूं । बादशाह ने यह बात स्वीकार कर कहा कि यदि तुम रणथंभगढ़ पर मेरी फतह करा दो तो झाबागढ़ के सिवाय और तुम मांगो सो भी मैं तुम्हें दे दूंगा । बादशाह की बातों में आकर कृतघ्न सुरजन ने रणथंभ को फतह करवाने का बीड़ा उठा लिया । उसने उसी समय किले में आकर ज्यों ज्यों भंडार के अन्दर मल घर में जो बे सुमार सामान भरा हुआ था सब के ऊपर सूखा चमड़ा बिछवा दिया और सेनापति रतिपाल तथा रायमल रामपाल आदि को साथ में लेकर वह रावजी के पास आकर बोला कि श्रीमान् रसद बरदास्त और गोले बारूद के खजाने चूकते हो गये हैं । अब किले में रह कर अपने हठ एवं मान मर्यादा की

रक्षा होनी कठिन है। अब आप महिमाशाह को अलाउद्दीन के पास भेज कर सुलह करलें। सुरजन की इस बात का रावजी ने विश्वास न किया और जाकर पातल गृह में स्वयं पत्थर डाला तो चमड़ा खड़क उठा। मानों धपात् निश्चय होगया कि खज़ाने में अब खाद्य पदार्थ नहीं है।

हम्मीरको शोका कुल देख महिमाशाह ने कहा श्रीमान् यदि अब आज्ञा दें तो मैं स्वयं अलाउद्दीन से जामिलूं जिससे वह दिल्ली चलाजाय। यह सुनते ही रावजी के नेत्रों से आग की चिनगारियाँ निकलने लगीं। उन्होंने कहा महिमाशाह क्या फिर यह समय आवेगा। यदि मैं तुझे शरण गत को शाह के पास भेज कर रणथम्भ का राज मांगा करूं तो संसार मुझे क्या कहेगा। क्या इस कायर कर्तव्य से मेरा क्षत्रिय कुल मंदिर के लिये कलंकित न होगा। अब तो जो कुछ होना था हो चुका। इस तन में प्राण रहते तुझे मैं शत्रु के हाथ कभी न दूंगा।

इधर सुरजन ने बादशाह को पूर्ण शक्ति से आक्रमण का संकेत किया, अलाउद्दीन ने एक बार फिर भी दूत भेजा परन्तु हम्मीरजी का कड़ाचूर उत्तर पाकर बादशाह अत्यन्त ही कुपित हुआ और उसी दम भयंकर वेग से आक्रमण की तैयारी की। इधर हम्मीरजी रणवास में पटरानी आसां और बेटी देवल के पास गये। सब हवाल कहकर वे बोले हे प्रिये अब क्या

करूं। क्या महिमाशाह को अलाउदीन के पास भेजकर ही मैं अपनी प्रजा की रक्षा करूं। रावजी के ऐसे वचन सुनकर रानी ने क्रोध शोक लज्जा एवं आश्चर्य से भरे कंठ कहा, हे राजन वीर कुल शिरोमणी आज आपको बादशाह से लड़ते २ बारह वर्ष होगए। आज आपको यह कुलधर्म के विरुद्ध सलाह देने वाला कौन है। हे प्राणप्यारे यह संसार सब झूठा है। अतएव इस संसार चक्र से संचालित दुःख और सुख भी अनित्य है, परंतु एक मात्र कीर्ति ही ऐसी वस्तु है कि जो इस संसार के अप्रतिहत चक्र से कुचली नहीं जा सकती। हे राजन अपने हाथ से शीस काट कर देने वाले राजा जगदेव, विद्या विशारद राजा भोज, परदुःख भंजन राजा विक्रमादित्य, दान वीर कर्ण इत्यादि कोई भी इस संसार में अब नहीं है परंतु उनके यश की पताका अबतक अक्षय रूप से उडरही है और सदा उडेगी। माहाराज धन यौवन सदैव नहीं रहता, मनुष्य ही क्या, आकाश में स्थित सूर्य और चन्द्रमा भी एक रस स्थिर नहीं रहते। जीवन मरण सुख दुःख यह सब होनहार के आधीन है और जब होनहार होनी ही है तब अपने कर्त्तव्य से क्यों चूकिए। श्रीमान् आप इस समय अपने पूर्व पुरुष सोमेश्वर पृथीराज जैतराव आदि की वीरता और उनकी अक्षय कीर्ति का स्मरण कीजिए और तन धन सब कुछ जाय तो जाय परन्तु शरणागत महिमाशाह और अपने धर्म को न जाने दीजिए।

रानी की इस प्रकार उत्तम शिक्षा सुन रावजी के मुखारविंद पर प्रसन्नता की झलक पड गई। उन्होंने कहा धन्य प्रिये बस मैं इतना ही चाहता था, इसके बाद रावजी ने खजाना खुलवा कर सब याचकों को बेसुमार दान दीया और राजकुमार रत्नसिंह को चितोड़ भेज सब सर्दारों से कहा कि अब धर्म के लिये प्राण न्योछावर करने का समय निकट आगया है। जिनको मृत्यु प्यारी होवे मेरे साथ रहें और जिन्हें जीवन प्यारा होवे खुशीसे अपने घर चले जाय। तब महिमाशाह ने सब शूरवीर सर्दारों की तर्फ से प्रतिनिधि स्वरूप में कहा, रावजी ऐसा कोन पुरुष कुलांगार होगा जो आपको इस समय रणधर्म में छोडकर अपने तुच्छ जीवन का सुख चाहेगा। देवता मनुष्य शूरवीर पुरुष किसी का भी जीवन स्थिर नहीं है एक दिन मरणे सब तब फिर ऐसे सुअवसर की मृत्यु को कौन छोड़े, मरने से सब डरते हैं। संसार में केवल सतीस्त्री और शूरवीर पुरुष ही ऐसे हैं जो मृत्यु को सदैव आलिंगन करते हैं। दूसरे दिन अरुणोदय होते ही राव जी ने शौचादि से निवृत हो गंगाजल से स्नानकर सुगंधित विलेपनकर केसर सने पीले से धारण किए। मस्तक पर रत्न जटित मुकट बांधा और शूरवीरों के ३६ आयुद्ध धारण कर प्रसन्नता पूर्वक सम्मन सहित दान दिया। इधर की बात में राठोड़, कूमर, गौड़ तोंवर, पडिहार पारेच, पूंडीर,

चहुआन, यादव, गहिलोत, सेंगर, मारण, परमार पंवार, वैसे, गोहिल, भील इत्यादि ३६ जाति के कुलीन सूरवीर राजपूत लोग अपने २ आने बाने से सजे हुए रण रंग में रत, मद माते गयंद की भांति आकर रावजी के पास इकट्ठे होने लगे। उन आगत सब शूर वीर राजपूतों के मत्थेपर टेढी पगडी, ललाट में त्रिपोड़, गले में तुलसी और रुद्राक्ष की माला, सिर पर लोहे के टोप, शरीर झिलमवक्तर हाथों में दस्ताने, और यथा अंग छत्तीसों बाने सजे हुए थे। उधर राज महल के द्वार पर मेघ के समान बड़े दुर ददंतारे मतवारे हाथियों और वायु वेग को उलंघन करने वाले घोड़ों का घमशान जमरहा था। सूर्य निकलते २ रावहम्मारजी अपने वीर योद्धाओं सहित इष्ट देव का स्मरण करते हुए राजमहल से बहार हुए। रावजी के आते हीं सब सेना व्यूह बद्ध हो गई सब से आगे विकराल कालिका अवतार तोपे उनके पीछे जंबूरे, तिनके पीछे हाथी। तिनके पीछे ऊंट घुड़सवार और फिर तुवकदार पैदल थे। उस समय बाल सूर्य की सुनहरी किरणों के पड़ने से सब समाज बाज से सुसज्जित चंचल घोड़े और गंधमय गंडस्थल वाले मतवाले हाथी बड़े ही भले मालूम होते थे जिस समय रावजी की सवारी संपूर्ण रूप से सुसज्जित हो गई तो नौबत, नगाड़े, शंख सहनाई, रणतूर, शृंगी, डफ आदि रण वाद्य बजने लगे, कड़खेत (भाट) उचे स्वर से

उथ्य रत्थ हुए भय देख दल ॥
रण तार कटार सुँ पार कियो।
वज्र ग्वान सु तेग जु कथ दियो॥ ५७८ ॥
शिर टुट्टत धीर उठ्यों धडय।
बल खानहि आय गह्यो करयं ॥
भिर बत्थसु हत्थ पछारि बल।
हिय पार कटार किये सुखलं ॥ ५७९ ॥
पर्यों खत चकती बडभारी।
और सग द्व बीस हजारी॥
और पचास सग तेहि सुत।
इक लग्ग भूमि पिहस्त पहुंत ॥ ५८० ॥
बीस सहस रणधीर सुसगी।
परे खेत बर बार उमगी ॥
छ॰ ॰॰ द्रपहर सुन च्यो।
एक सहसह निगज जस संच्यो ॥ ५८१ ॥
पख्ख उजरो चैत्र सुदि। तिथि नौमी शनिवार ॥
बीस हस छत्री परे ॥ अवला जरी हजार ॥ ५८४ ॥

५८५—आराणगढ़ फतह करके अलाउद्दीन ने अपने लश्कर की बागडोर थमगढ की ओर मोडी और कुवार सुदी ९ शनीवार को किले के चारों तरफ घेरा डाल कर दूत द्वारा कहला भेजा कि अब भी यदि महिमाशाह को मेरे पास भेजदो तो

बिना किसी रोक टोक किए दिल्ली चला जाउं। दूत की बातें सुन कर राव हम्मीरजी ने कहा राव रणधीर सा चाचा और कुल दीपक दोनो कुमार भी जब इस युधाग्नि में अपने प्राण होम कर चुके तब मुझे अब सोच ही किस बात का है। जा तूं अपने स्वामी से कहदे कि अब कभी मेरे पास कोई संदेसा न भेजे। दूत ने आकर रावजी के बचन ज्यों के त्यों बादशाह से कह सुनाए। यह सुनकर अलाउद्दीन ने उसी समय गोलन्दाजों को हुक्म दिया की यहां से ऐसे गोले मारो कि किल्ल की बुर्जा पर रक्खी हुई तमाम तोंपे ठस होकर शान्त हो जांय। निदान गोलन्दाजों की सर्व चेष्टाये निष्फल हुई। बल्के किले पर से छुटे हुए गोलों की मारसे लश्कर की सब तोपें ठस होकर चरखों पर से गिरपड़ी। यह देख बादसाह की बुद्धि "किं कर्तव्यं" विमूढ़ हो गई और वह अपने कर्तव्य पर पछताने लगा। बजीर मरहम्मखांने बादसाह को समझाया और रातों रात खाई पर पुल बान्ध कर सुरंग द्वारा किले पर चढने का प्रयत्न किया गया। परंतु पद्म सरोवर की गुप्त मोरिया खोल देने के कारण बादसाह की समस्त सेना बहगई।

१०६ एक दिन रावहम्मीर किले के उपर उत्तरीय सभा मंडप में अनेक वीर क्षात्रियों के बीच ऐसे ज्ञात होते थे मानो देवताओं की सभा में इन्द्र बैठे हुए हैं। रावजी के सन्मुख तिलोतमा के समान चंद्रकला नामक वैश्या नृत्य कर रही थी।

उसके प्रत्येक गीत में अलाउद्दीन की अपमान सूचक ध्वनि निकलती थी। बादशाह की ओर पदाघात करके उसने एक ऐसा विलक्षण कटाक्ष किया कि जिसको देख कर सभा के समस्त क्षत्रियों ने एक बड़ी आनन्द सूचक ध्वनि की। यह देख अलाउद्दीन से न रहा गया। सब अमराव उमीरों को बुलाकर उसने कहाकि यदि कोई इस वैश्या को बाण से मार कर हम्मीर के रंग में भंग कर दे तो मैं उसको बे सुमार दौलत दूं। यह सुन कर महिमाशाह के भाई मीरगभरु ने कहाकि स्त्री पर शस्त्र चलाना वीरों का काम नहीं, लेकिन श्रीमान् की आज्ञा सुमार हम्मीर के रंग में भंग कर ही देता हूं। यह कह कर उस वैश्या के पास में उसने एक ही ऐसा बाण मारा कि वह उसी दम लौट पोट होगई। और भी वीरों ने अनेक बाण चलाए जो किलेकी दीवार में अभी तक लगे हुए हैं वैश्या को गिरते देख रावजी आश्चर्य क्रोध में आकर चारों ओर देखने लगे। तब हाथ बांध कर महिमाशाह ने अर्ज किया कि यह बाण मेरे भाई मीरगभरु का चलाया हुआ है। श्रीमान् इस पर किसी प्रकार का खेद न करें और तनिक मेरा भी पराक्रम देखें। यह कह कर उसने एक ही ऐसा बाण मारा कि बादशाह के सिर से मुकट उड़ कर चूर चूर होगया। यह देख बादशाह भय भ्रांत होगया। तब वजीर महरखाने कहा कि अब यहां ठहरना उचित नहीं है। महिमाशाह के सञ्चालन

किये हुए इस वाण से आप बच गये यह उसने आपके पहिले निमक का निर्वाह किया है। यदि वह हम्मीर का हुक्म पाकर अब की वार जो लक्ष्य कर वाण मारे तो आपके प्राण बचने कठिन हैं। अतएव मेरा तो विचार है कि अब यहां से दिल्ली कूच कर जाना ही भला है। वजीर की यह बात मान कर अलउद्दीन ने उसी समय कूच की तय्यारी की आज्ञा दी॥ इधर सारे लश्कर में चला चल का समान हो ही रहा था के उसी समय राव हम्मीरजी के कोपाध्यक्ष सुरजनसिंह ने आकर बादशाह से कहा कि यदि श्रीमान् मुझे छाणगढ़ का राज्य दे दें तो मैं सहज ही में अजय रण-थंभ दुर्ग पर आपको फतह करा सकता हूं। बादशाह ने यह बात स्वीकार कर कहा कि यदि तुम रणथंभगढ़ पर मेरी फतह करा दो तो छाणगढ़ के सिवाय और तुम मांगो सो ही मैं तुम्हें दे दूंगा। बादशाह की बातों में आकर कृतघ्न सुरजन ने रणथंभ को फतह करवाने का बीड़ा उठा लिया। उसने उसी समय किले में आकर जौरा भौरा भंडार के अन्दर तल घर में जो बे सुमार सामान भरा हुआ था सब के ऊपर सूखा चमड़ा बिछवा दिया और सेनापति रतिपाल तथा रायमल रामपाल आदि को साथ में लेकर वह रावजी के पास आकर बोलाकि श्रीमान् रसद बरदास्त और गोले बारुद के खजाने चूकते हो गये हैं। अब किले में रह कर अपने हट एवं मान मर्यादा की

रक्षा होनी कठिन है। अब आप महिमाशाह को अलाउद्दीन के पास भेज कर सुलह करलें। सुरजन की इस बात का रावजी ने विश्वास न किया और जाकर पातल गृह में स्वयं पत्थर डाला तो चमड़ा खड़क उठा। मानों चमात् निश्चय होगया कि खजाने में अन्न खाद्य पदार्थ नहीं है।

हम्मीरको शोकाकुल देख महिमाशाह ने कहा श्रीमान् यदि अब आज्ञा दें तो मैं स्वयं अलाउद्दीन से जामिलूं जिससे वह दिल्ली चलाजाय। यह सुनते ही रावजी के नेत्रों से आग की चिनगारियां निकलने लगीं। उन्होंने कहा महिमाशाह क्या फिर यह समय आवेगा। यदि मैं तुझे सरण गत को शाह के पास भेज कर रणथंभ का राज भोगा करूं तो संसार मुझे क्या कहेगा। क्या इस कायर कर्तव्य से मेरा क्षात्रिय कुल सदैव के लिये कलंकित न होगा। अब तो जो कुछ होना था हो चुका। इस तन में प्राण रहते तुझे मैं शत्रु के हाथ कभी न दूंगा।

इधर सुरजन ने बादशाह को पूर्ण शक्ति से आक्रमण को संकेत किया, अलाउद्दीन ने एक बार फिर भी दूत भेजा परंतु हम्मीरजी का कड़ाचूर उत्तर पाकर बादशाह अत्यन्त ही कुपित हुआ और उसी दम भयंकर वेग से आक्रमण की तैयारी की। इधर हम्मीरजी रणवास में पटरानी आसां और बेटी देवलदे के पास गये। सब हवाल कहकर वे बोले हे प्रिये अब क्या

करूं । क्या महिमाशाह को अलाउद्दीन के पास भेजकर ही मैं अपनी प्रजा की रक्षा करूं । रावजी के ऐसे वचन सुनकर रानी ने क्रोध शोक लज्जा एवं आश्चर्य से भरे कंठ कहा, हे राजन वीर कुल शिरोमणी आज आपको बादशाह से लड़ते २ बारह वर्ष होगए । आज आपको यह कुलधर्म के विरुद्ध सलाह देने वाला कौन है । हे प्राणप्यारे यह संसार सब झूठा है । अतएव इस संसार चक्र से संचालित दुःख और सुख भी अनित्य है, परंतु एक मात्र कीर्ति ही ऐसी वस्तु है कि जो इस संसार के अन्तिहत चक्र से कुचली नहीं जा सकती । हे राजन अपने हाथ से शीस काट कर देने वाले राजा जगदेव, विद्या विशारद राजा भोज, परदुःख भंजन राजा विक्रमादित्य, दान वीर कर्ण इत्यादि कोई भी इस संसार में अब नहीं है परंतु उनके यश की पताका अबतक अक्षय रूप से उडरही है और सदा उडेगी । माहाराज धन यौवन सदैव नहीं रहता, मनुष्य ही क्या, आकाश में स्थित सूर्य और चन्द्रमा भी एक रस स्थिर नहीं रहते । जीवन मरण सुख दुःख यह सब होनहार के आधीन है और जब होनहार होनी ही है तब अपने कर्त्तव्य से क्यों चूकिए । श्रीमान् आप इस समय अपने पूर्व पुरुष सोमेश्वर पृथीराज जैतराव आदि की वीरता और उनकी अक्षय कीर्ति का स्मरण कीजिए और तन धन सब कुछ जाय तो जाय परन्तु शरणागत महिमाशाह और अपने धर्म को न जाने दीजिए ।

रानी की इस प्रकार उत्तम शिक्षा सुन रावजी के मुखारविंद पर प्रसन्नता की झलक पड गई। उन्होंने कहा धन्य प्रिये बस मैं इतना ही चाहता था, इसके बाद रावजी ने खजाना खुलवा कर सब याचकों को बेसुमार दान दीया। और राजकुमार रत्नसिंह को चितोड़ भेज सब सर्दारों से कहा कि अब धर्म के लिये प्राण न्योछावर करने का समय निकट आगया है। जिनको मृत्यु प्यारा होवे मेरे साथ रहें और जिन्हें जीवन प्यारा होवे खुशीसे अपने घर चले जांय। तब महिमाशाह ने सब शूरवीर सर्दारों की तर्फ से प्रतिनिधि स्वरूप में कहा, रावजी, ऐसा कोन पुरुष कुलांगार होगा जो आपको इस समय रणथंभ में छोडकर अपने तुच्छ जीवन का सुख चाहेगा। देवता मनुष्य शूरवीर पुरुष किसी का भी जीवन स्थिर नहीं है एक दिन मरगे सब तब फिर ऐसे सुअवसर की मृत्यु को कौन छोडे, मरने से सब डरते हैं। संसार में केवल सतीस्त्री और शूरवीर पुरुष ही ऐसे हैं जो मृत्यु को सदैव आलिंगन करते हैं। दूसरे दिन अरुणोदय होते ही राव जी ने शौचादि से निवृत हो गंगाजल से स्नानकर सुगंधित विलेपनकर केसर सने पाले से धारण किए। मस्तक पर रत्न जटित मुकट बांधा और शूरवीरों के ३६ आयुद्ध धारण कर प्रसन्नता पूर्वक सम्मन साहित दान दिया। इधर की बात में राठोड़, कूमर, गौड़ तोवर, पड़िहार पारेख, पूंडीर,

चहुआन, यादव, गहिलोत, सैंगर, मारण, परमार पंवार, वैसे, गोहिल, भील इत्यादि ३६ जाति के कुलीन शूरवीर राजपूत लोग अपने २ बाने बाने से सजे हुए रण रंग में गत मद माते गयंद की भांति आकर रावजी के पास इकट्ठे होने लगे। उन आगत सब शूर वीर राजपूतों के मस्तक पर टेढ़ी पगड़ी, ललाट में त्रिपोंड़, गले में तुलसी और रुद्राक्ष की माला, सिर पर लोहे के टोप, शरीर झिलमबक्तर हाथों में दस्ताने, और यथा अंग छत्तीसों बाने सजे हुए थे। उधर राज महल के द्वार पर मेघ के समान बड़े दुर दंदतारे मतवारे हाथियों और वायु बेग का उलंघन करने वाले घोड़ों का घमशान जमरहा था। सूर्य निकलते २ रावहम्मारजी अपने वीर योद्धाओं सहित इष्ट देव का स्मरण करते हुए राजमहल से बहार हुए। रावजी के आते ही सब सेना व्यूह बद्ध हो गई सब से आगे विकराल कालिका अवतार तोपें उनके पीछे ज़म्बूरे, तिनके पीछे हाथी। तिनके पीछे ऊंट घुड़सवार और फिर तुपकदार पैदल थे। उस समय बाल सूर्य की सुनहरी किरणों के पड़ने से सब समाज बाज से सुसज्जित चंचल घोड़े और गंधमय गंडस्थल वाले मतवाले हाथी बड़े ही भले मालूम होते थे जिस समय रावजी की सवारी संपूर्ण रूप से सुसज्जित हो गई तो नौबत, नगाड़े, शंख सहनाई, रणतूर, शृंगी, डफ आदि रण वाद्य वजने लगे, कड़खेत (भाट) उंचे स्वर से

११० सभी अमीर उमराव हताहत होजाने के कारण दूसरे दिन बादशाह खुद सेनानी हुए और बची हुई समस्त सेना को ले, किले पर पुनः आक्रमण किया। इस बीचमें रतीपाल ने रनिवास में यह खबर फैलाई कि अब अलाउद्दीन केवल राज कन्या से विवाह करना चाहता है यदि उसकी यह इच्छा पूरी होजाय तो वह सन्धी कर लेने को प्रस्तुत है। इस पर रानी देवल की सिखाई हुई चन्द्रकला ने आकर हम्मीर से कहा, हे पिता मैं एक व्यर्थ काच के टुकड़े के समान हू और आपका राज्य और प्राण चिंतामणी व पारस के समान हैं, मैं विनती-करती हू कि आप उनको रखने के लिये मुझे फैंक दीजिए। यह सुन राजजी का जी भर आया और बोले कि तुम अभी बालिका हो इससे जो कुछ तुम्हें सिखाया गया है उसके कहने में तुम्हारा दोष नहीं किन्तु उनकी जीभ काटनी जाय जिन्होंने तुम्हारे हृदय में ऐसे खयाल भर दिए हैं परन्तु स्त्रियों का अङ्ग भङ्ग करना राजपूतों का काम नहीं! पुत्री तुम्हें म्लेच्छ मुसलमान को देकर सुख भोगना मेरे लिये ऐसा है कि जैसा अपना ही मांस खाकर जीवन काटना हो। ऐसे सम्बन्ध से मेरे कुल में कलंक लगेगा, मुक्ति की आशा नष्ट होगी, इस संसार में हमारे अन्तिम दिन कड़ुए हो जाएंगे। मैं ऐसे कलंकित जीवन की अपेक्षा दश हजार बार मरना अच्छा समझता हू। यह सुन कर कन्या रनवास में चली गई और

इधर दूत के हाथ अल्लाउद्दीन का प्रतिज्ञापत्र रावजी को मिला उसमें लिखा था कि "रावहम्मीर मैं अल्लाउद्दीन बादशाह आप की अद्भुतवीरता से अत्यन्त ही प्रसन्न होकर अपनी तरफ से पांच परगने और देने स्वीकार करता हूं और कुरान को हाथ में लेकर यह भी प्रतिज्ञा करता हूं कि अब मैं कभी रणथंभगढ़ पर चढ़ाई न करुंगा। बस अब आप युद्ध न कीजिये और मेरे साथ संधीवद्ध हो स्वच्छंदता पूर्वक रणथंभ का राज्य कीजिए। मैं इसी वक्त दिल्ली को लौट जाऊंगा"। इसके उत्तर में रावजी ने कहा कि अल्लाउद्दीन! यह मैं अच्छी तरह से जानता हूं कि मुसलमान लोग कुरान खुदा और इस्लाम की ओट में रह कर ही अपना काम करते हैं। उनकी बातों को सच मान मूर्ख हिन्दू अपने प्राण तक खो बैठते हैं अब आइये तुम और हम साथ ही स्वर्ग चलें। रावजी के ऐसे बचन सुन अल्लाउद्दीन ने अपनी सेना को किले पर आक्रमण करने की आज्ञा दी। उधर राजपूत सेना भी प्राणों का मोह छोड़ कर मदोन्मत्त की तरह मुसलमानों पर टूट पड़ी। दसों दिग्गजों के हृदय को कंपायमान करने वाला घोर युद्ध होने लगा। उस समय भील गौत्रीय रावभोज ने युद्ध में अग्रेसर होने की आज्ञा मांगी, तब हम्मीर ने कहा अभी तुम किले की रक्षा करो इस पर उसने उत्तर दिया कि मुझे श्रीमान् की आज्ञा मानने में किसी प्रकार की आपत्ति नहीं परन्तु मैंने जो श्रीमान्

की आजन्म चरण सेवा की है वह इसी अवसर के लिये, अतएव अब मुझे आज्ञा हो कि मैं अपने कर्त्तव्य के ऋण से उऋण होऊं। यों कह कर भोजराज अपनी दो हजार भील सेना सहित यवनों पर ऐसे कूद पड़ा कि जैसे बकरियों के झुंड पर भूखा सिंह टूट पड़ता है। असंख्यातनों का संहार करता हुआ भोजराज आगे बढ़ा। उधर से तीस हजार कंधारी फौज लेकर मीर सिकन्दर का भोजराज से मुकाबला हुआ। बड़ी देर तक कल्पान्त युद्ध होता रहा। अन्त में सिकन्दर ने भोज पर तलवार चलाई और भोजराज ने सिकंदर पर कटार का वार किया। निदान दोनों वीर एक ही समय धराशायी हुए। भोजराज को पड़ता देख कर हम्मीर ने अपना हाथी यवनों पर हंकारा। यह देख शाही सेना भाग उठी। इस युद्ध में रावजी की तरफ से भोजराज के साथ वाले दो हजार भील सरदार और अल्ला-उद्दीन के तीस हजार कंधारी योद्धा काम आए। दस उमराव और पचीस हजार कसमीरी मरे॥

१११ उसी समय हमीर हाथी से उतर भोज का लाश से मिले और रुदन करते बोले कि धन्य हो वीरवर तुमने स्वामी सेवा में अपने प्राण तक देकर अतुलित कीर्त्ति सम्पादन की। परे भोज संग भीलवर। सहस दोइ इक ठौर, सहस पच्चीस कसमीर के। अरु कंधार वरजोर॥ ८७६॥ सहस तीस कंधार

के और सिकंदर मीर ॥ अलीसयद के संग भट । परे मीर दस मीर ॥ ८८० ॥ भजी फौज पतशाह की । विकल सकल उमराव ॥ दोय सहस भट भोज संग । रहे खेत करि चाव ॥ ८८१ ॥ राव हमीर भोज ढिग आये । देखि सुभोज नैन जल छाये ॥ तुम सब अमर भए कलि माही । स्वामि काम सब देह सराही ॥ ८८२ ॥

भील यह प्राचीन राजपूतों की एक शाखा है इस समय भी बहुत से ठिकाने भील गौत्रीय क्षत्रियों का राज्य विद्यमान है और इस हम्मीरासा के कर्त्ता ने भी इन्हों को ३६ राजवंशों में लिखा है यथा—कमध्वज कूरम गौड, तँवर पडिहार अमानो। पौरच वैस पुँडीर, चीर, चहुवान सुजानो ॥ जद्दव गोहिल धीर। चढ़े गहिलोत गरुरं । सैंगर और पँवार भील इक भोज मरुरं ॥ छत्तीस वंश छत्री चढ़े । जिम पावस बद्दल चढ़े ॥ हम्मीर राव चहुवान तब । जंग कज्जचौरैं कढ़े ॥ ७०० ॥ क्षत्रिय वंश प्रदीप ग्रन्थ में लिखे हुए राजपूतों के ?,१०० गोत्रों में भील ७०६ वां है ॥ असभ्यों के समान नाम देख कर इन्हों से नफरत करने वालों की अज्ञानता है। क्योंकि समान नाम होने पर ऊंच नीच सब एक नहीं हो सकते । जाति की ऊंचता और नीचता उसकी आचरण पर है । महत्त्वकांक्षा के लिये कई श्रेणियों में बंट जाना किसी जाति के लिए सब से बडी

मूर्खता का कार्य है । तीन तेराह होकर फिर वह जाति संसार में कहीं नहीं रहती । अगर इस प्राचीन चत्रिय जातिय में आपस में सम्प होता तो आज यह जाति सृष्टी की सुरुआत से चलते आए हुए अपने सनातन और स्वतन्त्र राज्य को खोकर पद दलित कभी न होती । एक कवि ने ठीक लिखा है कि:—

न जाति प्रेम हो जिसमें, मुहब्बत न हो भाई की ।
वह मुर्दा कौम है जिसमें न बू हो एकताई की ॥ १ ॥

चहुवान और भीलों के आपसमें कितना बड़ाभारी प्रेम था वह ८८२ वीं चौपाई से विदित होता है। यदि आज भी समस्त क्षत्रिय मात्र में ऐसा जातीय प्रेम साहस और संगठन होजाय तो सहज में हिन्दुस्तान का उद्धार हो सकता है।

११३ भागे हुए वीरों को बुरे नीके कह कर दूसरे दिन बादशाह ने लड़ने के लिये मैदान में खड़े किए। राजपूत तो सदैव प्राण हथेली पर रक्खे हुए थे बीजलियों के समान यवनों पर टूट पड़े । दोनों में इस तरह कड़ा चूर मार उड़ी कि चरण भर में रक्त की नदियां बह निकली । वेग से बहती हुई शोणित सरिता में जहा तहां पड़े हुए हाथियों के शव वास्तविक चट्ठानों से भासित होते थे । वीरों के हाथ पांव जंघादि कटे हुए अवयव जलचर जंतुओं के समान तैरते जाते थे । वीरों के सिर केस,

सिवार और दाल कुछ वैसी प्रतीत होती थी नवयुवावीरों के कटे हुए मस्तक कमल से नजर आते थे इस भीषण युद्ध में अल्लाउद्दीन के ७५ हाथी, सवालाख घोड़े, ७०० निशान वाले, और अगणित योद्धा काम आए। सिकंदरशाह, मेरखां, महरमखां, मोहब्बतखां, मुदफ्फतरमुजरखां, नूरनिजाम आदि मुसलमान मारे गये और रावजी की तरफ के भी नामी २ चार सौ योद्धा खेत रहे। इसी मारा मार में हम्मीर ने अपना हाथी अल्लाउद्दीन के सनमुख किया और ललकार के रावजी बोले कि अब तक वृथा ही रक्त प्रवाह हुआ, अब आइये तुम और हम दोनों ही लड़ कर इस युद्ध को समाप्त करलें! यह सुन मंत्री की सलाह से अल्लाउद्दीन भाग निकले और उन्हीं की युद्ध सामग्री राजपूतों के हाथ लगी॥

११४ बादशाह ने विश्राम लेकर फिर भी हम्मीर के पास संधि का प्रस्ताव भेजा लेकिन उसने अपना हट न छोड़ा और दूत के साथ लिख भेजा कि अल्लाउद्दीन शत्रु के, सन्मुख विनती करना यह तुम्हारी नितान्त कायरता छल भय चातुरता का चिन्ह है। जब मेरे सब जाति भाई मरचुके, तब मुझे जिन्दा रहकर क्या करना है। उस समय एक भाट ने कहा कि सिंह गमन सत्य पुरुष वचन कदली फलत इकसार॥ तिरिया तेल हम्मीर हट। चढ़ै न दूजी बार॥ १॥ निदान बादशाह ने

शेष और और नयी फौज सग्रहित कर भयंकर वेग से किले पर आक्रमण किया राजपूत वीर भी प्राणों का सर्वथा मोह छोड़, तडित वेग से यवनों पर टूट पड़े। बड़ा ही घमशाण युद्ध हुआ। कछु जत्रन तोप रुकंत नहीं। तजि चापन चक्रन बान जिहीं किरचान लई करि बाजि चढ़े। चहुवान अमानसु खेत षढ़े ॥ ९३३ ॥ उतमीर वजीर रुसाहि निजं। करि कोप तबै पति माहसज ॥ तरवार अपार दूधार बहै। सब साहि सुसैन समूहद है ॥ ९३४ ॥ कटि ग्रीव भुजा धर सों बिफरे। मनु काटि करे रस कूत हरे, उडि मस्थपगें धररुड उठै। चहुवान घरा महधार उठै ॥६३५॥ मिर मारत हाक पडे घरमें। घर जुज्झत जुद्ध करै,अर मैं, कर जार कटार सु अंग वहै। बहु खंजर पजर देह दहै ॥६३६॥ बहु रचक मुष्टक वस्थ परें। मल जुद्ध समुद्ध सुवारि करें ॥,पचरग अनग्गिय सेन बन्यौ। बकमी नृपमाह को आप हन्यौ, ॥ ९३७ ॥ भयभीत सुसाह की फौज भगी। घमसान मसान सुज्योति जगी। परियौ बकसी, लखि नैन तबै, उलटो गज कीन सुसाह जबै ॥ ६३८ ॥ इक सग वजीर न और नर। फिरि रोकिये साह अनतभर ॥ चहुवान, धरम्म सुजानि कहै। यह मारत साहि सुपाप अहै ॥ ९३६ ॥ अभिषेक लिलाट कियो इनके। मही ईश रुहारत है तिनके। धरि अग्र सुसाह को पील जबै। जहँ रावहम्मीर सुलाये पगै ॥ ९४० ॥ अब साहि सुराव कहो तब ही तुम जाहु दिल्ली न डरो अब ही

लखि साह को लोग मुरकि चल्यौ नृप आप हम्मीर सु खेत खिल्यौ ॥ ६४१ ॥ इस युद्ध में वच्छीजी के मरने पर क्षुधित मृगराज की भांति रण बांकुरे राजपूतों का वेग मुसलमानी सेना क्षण भर भी नहीं सहसकी और बड़े २ सैनिक अमीर उमराव बादशाह को अकेला छोड़ कर भेड़ बकरियों की भांति भाग उठे। राजपूत सेना ने अल्लाउद्दीन को हाथी सहित चौतरफ से घेर लिया और उसे पकड़ हम्मीर के पास ले आये। लाल नेत्र कर हम्मीर बोले अये देश के शत्रु अब तू बता तुझे किस मौत मारूं। यह देख बादशाह भय भ्रान्त होगये, और गद्गद् स्वर से नम्रता के साथ बोले कि वीर रावहम्मीर अब मैं तुम्हारे शरणागत हूं मुझे जीवित दान दें। आज ही मैं दिल्ली लौट जाउंगा और फिर कभी रणथंभवर पर चढ़ाई न करुंगा। यह सुन रावजी का क्रोध शांत होगया और बाद-शाह को उसकी फौज में पहुंचा दिया। छोड़ी खेत पत साह तब परै कोस द्वै जाय ॥ हसम सकल चहुवान ने। लीनो तबै छिनाय ॥ ६४५ ॥ लिए साही निसान तब। बानाजीत बनाय ॥ और सम्हारी सुखेत को। घायल सोधि उठाय ॥ ६४६ ॥ सब के जतन कराय कै। देस काल समझाप ॥ राव जीति गढ़ को चले। हर्ष न हृदय समाय ॥ ६४७ ॥ बिन जाने नृप हर्ष में। गय भूलि यह बात ॥ साही निसान अग्रे करी। चले भुवन हर्षात् ॥ ६४८ ॥ मुसलमानी झंडियों को

गढ़ में आता देख रानियों ने जान लिया कि रावजी खेत हार-गए और यह किले पर शाही सेना आरही है। ऐसा विचार कर सपरिवार १८ सौ वीर महिलाओं सहित समस्त रानियें बारूद बिछा कर ऊपर बैठ गई और अग्नि लगा कर शाका किया। जब रावजी ने किले में आकर यह सोचनीय काड देखा तो बड़ा ही अफसोस हुआ। सब सर्दारों के मना करने पर भी रावजी ने शिवालय में जाकर पूजन कर अपने ही हाथों से खड्ग खींचे कमल पुष्प के समान अपना माथा उतार के शिवजी को चढ़ा दिया। प्राण छोड़ते समय रावजी ने यह वरदान मांगा कि अगर मैं पुनः जन्म धारण करु तो इसी वीर क्षत्रिय कुल में कि जिसमें देश सेवा का मुझे पुनः सौभाग्य प्राप्त हो। यह कह कर महाराज राव हम्मीर ने सं० १३५८ श्रा० शु० ५ को वैकुण्ठ धाम का मार्ग लिया। राव हम्मीर और महिमा शाह के रूपद्मय मस्तक आज भी महादेव के मंदिर में मौजूद है।

११५ इस सोचनीय घटना के बाद सुरजनसिंह रत्तपाल आदि निमकहरामी गण ने बादशाह को जाकर बधाई दी कि आप दिल्ली न पधारें। हमीर मकुटुम्ब परमधाम पहुंच गए है। यह सुन बादशाह को अपार आनन्द हुआ। निदान जब बादशाह की असवारी जीत के नगारे देती सतपोल दरवाजे

पर आ पहुंची तो, एक मारण सर्दार जोंकि राव हम्मीर का साहबत था, तलवार खींच कर यमदूत के समान यवनों पर कूद पड़ा, बड़े २ यवनों को यमालय भेजकर वह बहादुर क्षत्रिय, वीरगती को प्राप्त हुआ, जिसका पाषाणमय बड़ा जंगी मस्तक आज भी रणथंभ द्वार पर पड़ा हुआ है।

११६ इसके बाद समस्त मीन किलेदारों ने भी शाही फोज पर धावा बोल दिया। अन्त में बड़ी भारी खून खराबी के साथ किले पर सुलतान का अधिकार होगया। उस समय सर्व संहार मूर्ति से मुसलमानों ने किले में प्रवेश कर हिन्दुओं की सर्व सम्पत्ती लूट ली। हिन्दू अबलाओं का सतित्व धर्म नष्ट किया और बहुत से यतियों को मार कर समस्त देव मंदिर तोड़ दिये गये। उन्हों में जैतराव के पिता महाराज वाहड़देव का बनाया हुआ जैन मंदिर मुख्य था। कहते हैं कि सब्बधार हेमचंद्राचार्य संग्रहित और ताड पत्रों पर लिखित हजारों जैन शास्त्र इस मंदिर में भरे हुए थे। काजी की सलाह से सबके सब अग्नि देव को अर्पण कर दिये गए। भारत के प्राचीन राज वंश से पता लगता है कि रणथंभगढ़ में अभय देव सूरि के उपदेश से वीसलदेव के पुत्र महाराज पृथ्वीराव का भी बनाया हुआ एक जैन मंदिर था। आनाराव के पिता और वीसलदेव के पुत्र महाराज सारंगदेवजी तो पक्के जैनी थे

यहां तक कि भगवान के मंदिर में जाकर जिनेन्द्रदेव के दर्शन पूजन कीए बिना अन्न जल भी नहीं लेते थे। पृथ्वीराज रासो में लिखा है कि वीसलदेवजी के पडिहारिन पट रानी से सार गदेव नामक पुत्र उत्पन्न हुआ परन्तु पुत्र के जन्मते ही माता का देहान्त होगया तो वीसलदेवजी ने एक निश्चालु कन्या प्रसूत ओसवाल स्त्री को सारँगदेवजी के पालन पोषण पर नियत किया। उस महाजन स्त्री ने अपनी कन्या नंदनी और सारंगदेव का अच्छी तरह से पालन पोषण किया। जन्म काल से ही साथ २ रहने के कारण उन दोनो में भाई बेहन के समान गाढ़ी प्रीति होगई थी। जब नन्दिनी की उमर नो वर्ष की हुई तो वीसलदेवजी ने एक सुन्दर महाजन युवावर के साथ उसका विवाह कर दिया किन्तु शिकार करते दैवयोग से उस युवाको सिंह ने भक्षण कर लिया और वह कन्या विधवा हो गई। इससे सारँगदेवजी के हृदय में ऐसा शोक हुआ कि वे शस्त्र बांध कर हिंसक कार्यों से विरक्त हो बैठे। और योगीश्वर के समान हो वीतराग देव के ध्यान में लीन होगए। यथा "अति दुच्चित भयो सारगदेव। नितप्रति करें अरहंत सेव॥ बुध ध्रम्म लियो बंधै नतेम। सुनिश्रवन शान- मन मौउदेम ॥ ३४६ ॥ पृ० रा० प्राचीन इतिहासों से पाया जाता है कि सुरुआत में, चौहान आदि सभी ही क्षत्रिय जातियां जिन-धर्म को पालने वाली थीं। जिन शब्द का

अर्थ होता है जीतने वाला। अर्थात् सर्व प्रकार के शत्रुओं को नष्ट करने वाली वीरक्षत्रिय जाती का जो सर्वोत्तम धर्म उसको जिन धर्म कहते हैं। अरिहंत धर्म को त्याग कर अकर्मण्य हो जाना यह ही क्षत्रिय जाति की कमजोरी का प्रधान कारण है। ब्राह्मणों ने सब से पहिले इन्हीं को यह ही पाठ पढ़ाया कि मनुष्य का किया कुछ भी नहीं होता, सब कुछ ईश्वर करता है ऐसे ही स्वप्न शकुन और लक्षण आदि झूंटे शास्त्रों की बातों पर विश्वास दिला कर इन्होंने अनार्यों के हाथों क्षत्रिय जाति को नष्ट करा दी है। क्षत्रिय जाति की अल्प संख्या रहने के कारण इस समय हमारे हिन्दू धर्म का दिन प्रति दिन ह्रास ही होता जारहा है। यदि हिन्दू धर्म का रक्षण करने के लिये समस्त प्राचीन क्षत्रिय जातियां पुनः संगठित न होंगी, तो आज से एक हज़ार वर्षों के बाद हिन्दू धर्म का नाम निशान भी न रहेगा। पुरातन निवासी हिन्दू धर्माभिमानी राजपूत यदि अपनी पवित्र क्षत्रिय जाति को हिन्दूस्थान में सदा अमर रखना चाहते हैं तो वह अब शीघ्र ही सर्व धर्मों को छोड़ कर स्वधर्म में दाखिल हो जायें। गीता में श्री भगवान ने कहा है कि—

सर्वधर्म्मान्परित्यज्य। मामेकं शरणंव्रज ॥ अहंत्वां सर्व पापेभ्यो। मोक्षयिष्यामिमाशुचः ॥ ६६ ॥

अ० १८॥ श्रेयान्स्वधर्मोविगुणः। परधर्मात्स्वनुष्ठितात्॥ स्वधर्मे निधनं श्रेयः। परधर्मोभयावहः ॥ ३५ ॥ अ० ३॥ जनश्वरभगवान ही विष्णु है यथा अजरो अमरः सिद्धः। अचिंतः अक्षयोविभुः॥ अमूर्त्त अच्युतो ब्रह्म॥ विष्णुरीश प्रजापति॥ ८ ॥ अनिन्द्रो - विश्वनाथश्च॥ अजो; अनुपमो भवः॥ अप्रमयो जगन्नाथ। बोध रूपो जिनात्मकः ॥ ९ ॥ जिनसहस्रनाम॥

११७ प्रथम पहले क्षत्रिय जाति को जैन धर्म में पतित करने वाले ब्राह्मण का नाम शंकराचार्य था, उस समय प्रायः चार ही वर्णों ने जैन धर्म छोड़ दिया था। प्रथम शंकराचार्य मरे के बाद ब्राह्मणों का जोर हटा, और चन्द्रगच्छीय रत्नप्रभाचार्य ने मारवाड़ के क्षत्रियों को प्रतिबोध देकर पुनः जैन धर्म में दाखिल कीये। जिन्हों की ओसवाल नाम से एक कौम होगई है। इसको वर्णशंकर लिखने वालों की बड़ी भूल है। कारण ओसवाल जाति पुराने धर्मी क्षत्रियों से ही मुसलमानी जमानों में बनाई गई है। उस समय क्षत्रिय जाति पर वारम्वार बड़ी भयंकर आफतें आती थी। इसीलिये जैनाचार्यों के सदुपदेशों से प्राचीन निवासी आर्य राजपूतों ने, अपना जान माल इज्जत और धर्म बचाने को महाजन, नाम

रख लिया है। ऐसा नहीं करते तो उन्हीं के संतानों का आज अस्तित्व नहीं रहता। जहां २ जैनाचार्यों का प्रचार नहीं था, वहां २ के राजपूत म्लेच्छों के भय से कृषकादि होगये। तो भी जाति उन सबों की राजपूत ही है। क्योंकि कृषी वाणिज्यादि कर्मचारी ही वर्ण कर सकते हैं। आज भी अगर कोई राजपूत भाई मद्य मांसादि अभक्ष वस्तुओं का त्याग कर पवित्र जैन धर्म पालें और सदाचार से वर्त्तें तो ओसवाल कौम में आसकता है। क्योंकि यह कौम जैन में समुद्र के समान है। संसार भर की सभी जातियों के गोत्र इसी में विद्यमान हैं। और सेवक जाति के सभी ब्राह्मण लोग इन गोत्रों को अपना उपास्य देव समझ कर सदा जाप करते रहते हैं। यथा—

११८ अथ न्यात रासो भोजक रूपदेव मेडतियारो कह्यो।

दोहा—सरसती सुपसाय कर। अविरलवयण अथाह। ओसवाल ओपमइला। सकल करूं साराह ॥ १ ॥ कवित प्रथम सोढी वारे न्योतरा नाम ॥ श्री श्रीमाल श्रीमाल डीडू ओसवाल दिनंकर। चित्रवाल पोरवाड चिनैं बाघेस वालवर। पोकरवाल खैरवाल

जपा मेडतवाल जग । हरसूरा ठठवाल लघु खंडेलवाल एग अनेक नाम विरुद ओपमा कह- रूप कीरत कही । प्रथमाद आदऐती पहव साढि बारे न्यात सही ॥ २ ॥ दुहा—साढी वारे न्यात सही । मालुम जग महराण । वखाणें व कखाणिये । सुज नाहार सुराण ॥ छंद मोती दाम ॥ सुराणा नाहर पारख सोह । मालु मुहणोत लुणावत मोह । डोसी चल दूगड डूगरवाल । ऐती इमन्यात जपी ओसवाल ॥ ४ ॥ केल्हाणी कांकट ककड कार । सचीती जोगड चेगड सार । चावा-चमचम चोधरी चित्रावल ऐती इमे० ॥ ५ ॥ लोढा ललवाणी लोंऊड लेख । ब्रमेचा श्रावक सांड विशेष । सोनी सफला सिरोहा सखवाल ऐती० ॥ ६ ॥ पालावत लालण सेठ प्रमाण विरोलिया भीदड भुरट वखाण । तोगाधाडीवाहा तो डरवाल ऐती इमन्या० ॥ ७ ॥ गुणधर गोलवच्छा गुण जाण भूरामणशालीय वेहड भाण । पावेचा धीयाने पडियेल ऐती० ॥ ८ ॥ राखेचा हीगड मौरच रूप भडारी य भगलीयाने मृप । बेगाणी रेहड वोगरवाल ऐती ॥ ९ ॥ बांगाणी बांवलिया विरदैत । बह्म बोथरावल वेद वानेत । वदा पाललेचा पहुकरवाल ऐ० ॥ १० ॥ हेडाउ आमू कूमटहेम । पीपाडा धंघरोटा

